वर्ष : 18 अंक: 101 | ग्वालियर | मंगलवार 13 मई 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



दैनिक

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छतीसगढ़ से प्रकाशित

# चम्बल सुर्खी

उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष

निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

## हमने आतंकियों पर कार्रवाई को केवल स्थगित किया

# पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा-पीएम मोदी

### न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग नहीं सहेंगे पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई सिर्फ स्थगित, हमला हुआ तो मुंहतोड़ जवाब देंगे

नई दिल्ली (ए.)

पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे बाद PM मोदी ने सोमवार रात 8 बजे देश को संबोधित किया। अपने 22 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, सीजफायर, आतंकवाद, सिंधु जल समझौते और PoK पर बात की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर मिटाया, हमने उन्हें मिटा दिया। हमारे ऑपरेशन में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादी मारे गए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे। हम पाकिस्तान से आतंकवाद और पीओके पर ही बात करेंगे।



### आतंकवादियों की बर्बरता ने दुनिया को झकझोर दिया

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूमों को उनके परिवार के सामने, बच्चों के सामने बेरहमी से मार डालना ये आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा है। यह देश के सद्भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से ये पीड़ा बहुत बड़ी थी। इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र हर नागरिक हर समाज हर वर्ग हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ।

### आतंकी जान चुके हैं, बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम

हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी। आज हर आतंकी और आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहनों बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं, देश के कोटि-कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की देर रात और 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों पर, ट्रेनिंग सेंटर पर सटीक प्रहार किया। आतंकवादियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है। जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला बोला, भारत के ड्रोंस ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, हौसला भी थर्रा गया।

### दुनियाभर में हुए आतंकी हमलों के तार पाकिस्तान से जुड़े

बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकाने एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटीज रही हैं। दुनिया में कहीं पर भी जो बड़े आतंकी हमले हुए हैं चाहे 9/11हो चाहे लंदन ट्यूब बॉम्बिंग हो या फिर भारत में बड़े आतंकी हमले हों, उन सबके तार इन्हीं आतंक के ठिकानों से जुड़ते रहे हैं। आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, इसलिए भारत ने आतंक के ये हेडक्वार्टर्स उजाड़ दिए। इन हमलों में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है। आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे। जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे।

# सुपुर्द-ए-खाक हुए PAK गोलीबारी में शहीद SI इम्तियाज

### भाई बोला- पाकिस्तान को दुनिया के नक्शे से मिटा देना चाहिए; बेटे ने कहा- प्राउड ऑफ यू पापा

छपरा (ए.)

बिहार के BSF सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज को सोमवार को छपरा के नारायणपुर गांव में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इससे पहले शाम 4 बजे जनाजे की नमाज पढ़ी गई। इस दौरान सैकड़ों की भीड़ मौजूद रही। भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे। जनाजे में जो भी दिखा सबकी आंखें नम और आवाज में जोश था।

दोपहर करीब डेढ़ बजे स्ढ्ढ का पार्थिव शरीर नारायणपुर गांव पहुंचा। जिस गाड़ी में उनकी बॉडी थी उसके आसपास सिर्फ लोगों का हुजूम दिख रहा था। भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगते रहे।



शहीद SI मो. इम्तियाज

SI की पत्नी शाहीन अजिमा को 2 दिन तक शहादत की खबर नहीं दी गई थी। दोपहर डेढ़ बजे शव पहुंचते ही वो बेसुध होकर गिर पड़ीं। पार्थिव देह को अभी घर में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। उनके भाई मोहम्मद असलम ने कहा- पाकिस्तान को दुनिया के नक्शे से हटा देना चाहिए।

वहीं, मंगलवार को सीएम नीतीश कुमार शहीद BSF सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज के घर जाएंगे। वो शहीद के परिजनों को 21 लाख का चेक सौपेंगे। श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और उनके परिवार से मिलेंगे। इस दौरान वो परिजनों को 21 लाख रुपए का चेक भी देंगे।

# मध्यप्रदेश की धरती पर अब नहीं बचेंगे नक्सली : मुख्यमंत्री

### राज्य सरकार नक्सलियों से निपटने में पूरी तरह सक्षम, नक्सली सरेंडर करें, नहीं तो मारे जाएंगे

### मुख्यमंत्री ने नक्सल ऑपरेशन में शामिल 64 पुलिसकर्मियों को दी क्रम पूर्व पदोन्नति

### बालाघाट में हुआ 169 करोड़ लागत के 93 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन

### बालाघाट में प्रदेश के 51वें आयुर्वेदिक कॉलेज की रखी गई नींव

### मुख्यमंत्री ने जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रदर्शनी का किया अवलोकन





भोपाल ब्यूरो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में वर्ष-2026 तक देशभर से नक्सलवाद के खात्मे का संकल्प लिया गया है। इसे पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार भी केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में बालाघाट जिले के पिछले दिनों नक्सल मुठभेड़ों में शामिल रहे पुलिस फोर्स, हॉक फोर्स और विशेष सशस्त्र बल के 64 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को क्रम पूर्व पदोन्नति प्रदान की गई है। राज्य सरकार का यह महत्वपूर्ण कदम पुलिसकर्मियों का हौसला बढ़ाएगा। क्रम पूर्व पदोन्नति पुलिस इतिहास में स्वर्णिम क्षण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बालाघाट कभी अत्यधिक नक्सल प्रभावित 12 जिलों की सूची में शामिल था। सरकार की मंशा और पुलिस के परिश्रम से अब केंद्र सरकार ने बालाघाट को गंभीर समस्या वाली श्रेणी से बाहर कर अन्य श्रेणी में रखा है। बालाघाट में नक्सल गतिविधियों में गिरावट प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को बालाघाट के लांजी में आयोजित क्रम से पूर्व पदोन्नति अलंकरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैज लगाकर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पदोन्नत कर किया और बधाई दी।

### राज्य सरकार नक्सलियों से निपटने में सक्षम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को 4 दिन की लड़ाई में पस्त कर दिया। गृह मंत्री श्री शाह के नेतृत्व में देशभर में नक्सल विरोधी अभियान संचालित हो रहा है। इस अभियान को मजबूती देने के लिए मध्यप्रदेश पुलिस को आधुनिक हथियारों और तकनीक से लैस किया जा रहा है। राज्य सरकार नक्सलियों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। बालाघाट की धरती पर यह अलंकरण समारोह नक्सलियों को सीधा संदेश है कि वे सरेंडर करें नहीं तो मारे जाएंगे। प्रदेश की धरती पर नक्सल का खूनी खेल अब नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि आज बालाघाट में पुलिस के वीरों का सम्मान हो रहा है। पुलिसकर्मी जान की बाजी लगाकर नागरिकों की सुरक्षा करते है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सर्वोच्च बलिदान देने वाले 37 वीर पुलिसकर्मियों को नमन करते हुए कहा कि जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु निश्चित है, लेकिन मृत्यु ऐसी हो, जिस पर देश, प्रदेश और समाज गर्व करे।

### पद्मश्री डॉ. सुब्बन्ना अरय्यप्पन की संदिग्ध परिस्थिति में मौतः श्रीरंगपटना के पास कावेरी नदी में तैरता मिला शव

**बेंगलुरु( ए. )** कर्नाटक पुलिस ने पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. सुब्बन्ना अय्यप्पन की संदिग्ध परिस्थिति में मौत की जांच शुरू कर दी है। वह शनिवार को श्रीरंगपटना के निकट कावेरी नदी में मृत पाए गए थे। 70 वर्षीय अयप्पन कृषि और मत्स्य पालन वैज्ञानिक थे और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICMR) का नेतृत्व करने वाले पहले गैर-फसल वैज्ञानिक थे। रविवार को कर्नाटक पुलिस ने बताया कि पुलिस को नदी में तैरते हुए एक शव के बारे में लोगों से सूचना मिलने के बाद उनका शव बरामद किया गया। उनका दोपहिया वाहन नदी किनारे पाया गया और संदेह है कि अयप्पन ने नदी में छलांग लगाई होगी। हालांकि, पुलिस का कहना है पूरी जांच के बाद ही उनकी मौत के सही कारणों की पुष्टि की जा सकती है। सुब्बन्ना के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और का इंतजार किया जा रहा है।



### रायपुर में ट्रक-ट्रेलर की टक्कर, 13 की मौतः 2-2 लाख मुआवजे का ऐलान

**रायपुर ( ए. )** रायपुर में रविवार देर रात मिनी ट्रक और ट्रेलर की टक्कर में 13 लोगों की मौत हो गई। 14 लोग घायल हुए हैं। ट्रक में सवार ये सभी लोग छठी के कार्यक्रम से लौट रहे थे। ट्रक खरोरा के बाना गांव से आ रहा था। बंगोली में इसे रायपुर से आ रहे ट्रेलर ने टक्कर मार दी। मृतकों में 10 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। इनमें एक ही परिवार की 3 महिलाओं का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया, जबकि एक बच्चे को दफनाया गया है। इनमें गीता साहू, प्रभा साहू और नंदनी साहू का अंतिम संस्कार किया गया। एकलव्य साहू (6) को दफनाया गया है। हादसे पर क्क्रू नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया ङ्ग पर पोस्ट कर लिखा कि जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। PMNRF से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे।



### महाराष्ट्र के ठाणे में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत




**ठाणे** । महाराष्ट्र के ठाणे शहर में रात ट्रक-बाइक की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। हादसा रात करीब 10 बजे कपूरबावड़ी ब्रिज के पास हुआ। नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रमुख यासिन तडवी के अनुसार, ट्रक चालक का नियंत्रण हट गया और उसने स्कूटर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सवार सड़क पर गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# सीजफायर के 43 घंटे बाद 32 एयरपोर्ट्स खुले

### तीन दिन में 500 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द हुई थीं, अब एयरलाइंस ने बुकिंग शुरू की

नई दिल्ली (ए.)

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के 43 घंटे बाद सोमवार को 9 राज्यों के 32 एयरपोर्ट्स खोल दिए गए हैं। एयरलाइंस कंपनियों की तरफ से यात्रियों के लिए बुकिंग शुरू कर दी है। 32 एयरपोर्ट्स के लिए एयरलाइन सर्विसेज 9 मई से 15 मई की सुबह 5ः29 बजे तक बंद की गई थीं। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सोमवार को प्रेस रिलीज के जरिए एयरपोर्ट्स खोलने की जानकारी दी। इसमें बताया कि 15 मई तक बंद 32 एयरपोर्ट्स अब तत्काल प्रभाव से एयरक्राफ्ट ऑपरेशन्स के लिए उपलब्ध हैं। यात्रियों को फ्लाइट्स की जानकारी के लिए एयरलाइन कंपनियों की वेबसाइटों देखने के लिए कहा गया है। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए 7 मई को पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की थी। पाकिस्तान ने भी बॉर्डर इलाकों में जवाबी हमला किया। सिविल एविएशन मंत्रालय ने 10 मई को 9 राज्यों के 32 एयरपोर्ट्स बंद करने का निर्देश जारी किया था। तीन दिनों में 500 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द हुईं फ्लाइट बंद होने के कारण एयरलाइनों की तरफ से 500 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द कर दी गई थीं। कई एयरलाइन कंपनियों ने यात्रियों को फुल रिफंड या फ्लाइट रिशेड्यूल का ऑप्शन दिया था। भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई तक संघर्ष चला। 10 मई की शाम 5 बजे दोनों देशों ने सीजफायर (संघर्ष विराम) की घोषणा की थी।



# सिग्नल पर बस का ब्रेक फेल, लेडी डॉक्टर को कुचला

### भोपाल में 8 गाड़ियों को मारी टक्कर, 6 घायल; फिटनेस-इंश्योरेंस एक्सपायर थे

**भोपाल ब्यूरो।** भोपाल के बाणगंगा चौराहे पर स्कूल बस ने 8 वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में इंटर्नशिप कर रही लेडी डॉक्टर की मौत हो गई जबकि 6 लोग घायल हैं। दो की हालत गंभीर है। बताया गया है कि बस के ब्रेक फेल होने से हादसा हुआ है। इसका वीडियो भी सामने आया है। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से भाग निकला।




डॉ. आयशा खान
हादसे में मृतक

### बस की टक्कर से उछली डॉक्टर, 50 फीट तक घिसटी

वीडियो में दिख रहा है कि रेड सिग्नल के दौरान बाणगंगा चौराहे पर गाड़ियां आकर रुकीं। इसी दौरान एक स्कूल बस पीछे से तेज रफ्तार में आई और आगे खड़ी गाड़ियों को कुचलते हुए बढ़ गई। बस के ठीक सामने खड़ी स्कूटी पर बैठी युवती उसकी टक्कर से उछली। वह स्कूटी समेत बस के अगले हिस्से में फंस गई। करीब 50 फीट तक घिसटने के बाद स्कूटी बस के अगले हिस्से से निकली तो युवती अगले पहिए के नीचे आ गई।

### बस ड्राइवर चिल्ला रहा था- हटो, हटो

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सिग्नल पर 10-12 वाहन खड़े थे। इसी दौरान पीछे से स्कूल बस आई। उसका ड्राइवर हटो-हटो चिल्ला रहा था। कुछ ही सेकंड्स में बस लोगों को कुचलती हुई आगे बढ़ गई। बस रोशनपुर चौराहा से पॉलिटेक्निक कॉलेज की तरफ जा रही थी।

# अगरा में 120, श्योपुर में 95 जोडे परिणय सूत्र में बंधे

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण योजना है-सांसद

## योजना के तहत 49-49 हजार राशि के चैक उपहार स्वरूप दिये गये

## सांसद सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी रहे मौजूद



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आज जनपद पंचायत विजयपुर के तत्वाधान में ग्राम अगरा में 120 जोडो के विवाह संपन्न हुए, इसी प्रकार श्योपुर विकासखण्ड के तत्वाधान में हैवी मशीनरी टीनशैड पर आयोजित सम्मेलन में 95 जोडो ने फेरे लिये। क्षेत्रीय सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में ग्राम अगरा में आयोजित सामुहिक विवाह सम्मेलन में 120 जोडे परिणय सूत्र में बंधे। राज्य शासन की योजना के तहत वर-वधु को 49-49 हजार रूपये की राशि के चैक उपहार स्वरूप प्रदान किये गये। क्षेत्रीय सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर ने मुख्य अतिथि के रूप में दिये अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना एक सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण योजना है, जिसका हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। शासन द्वारा न केवल विवाह के प्रबंध किये जा रहे है बल्कि नवविवाहित जोडो को अपनी गृहस्थी शुरू करने के लिए 49 हजार रूपये की उपहार राशि भी दी जा रही है। ग्राम अगरा में आयोजित सामुहिक विवाह सम्मेलन के दौरान सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कैबीनेट मंत्री दर्जा श्री तुरसनपाल बरैया, पूर्व विधायक श्री बाबूलाल मेवरा, सीईओ जनपद श्री आफिसर सिंह गुर्जर, श्री परिक्षित धाकड, सरपंच श्री मुकेश राठौर आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें। जनपद पंचायत श्योपुर द्वारा हैवी मशीनरी टीनशैड श्योपुर में आयोजित सामुहिक विवाह सम्मेलन के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शंशाक भूषण, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शीला आशीष मीणा, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र जाट, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री महावीर सिंह सिसौदिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नीरज जाट, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री सुरेन्द्र मीणा, सीईओ जनपद श्री एसएस भटनागर, पार्षदगण आदि उपस्थित थे। सामुहिक विवाह सम्मेलन में गायत्री परिवार द्वारा वैदिक रीति से सभी जोडो का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ। इस अवसर पर वर एवं वधु पक्ष के परिजन भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान विवाह सम्मेलन में शामिल होने वाले लोगों के लिए भोजन, पानी, छाया आदि की पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई थी।

# सिविल डिफेंस संगठन के अनुसार 12 टीमों का गठन

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जिलो में सिविल डिफेंस संगठन की संरचना एवं सिविल डिफेंस वॉलेंटियर के कार्य के संबंध में जारी निर्देशो के अनुसार श्योपुर जिले में 12 टीमों का गठन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने आपात स्थिति से निपटने के लिए सिविल डिफेंस के नियमो के अनुसार 12 विभिन्न प्रकार की टीमे गठित कर उनमें अधिकारी नियुक्त किये गये है। यह टीमें आपात काल के दौरान सौपे गये कार्यो को पूर्ण करेंगी। इसके तहत मुख्यालय सेवा या कंमाड पोस्ट सेवा, वार्डन सेवा, संचार सेवा, हथाहत सेवा, अग्निशमन सेवा, प्रशिक्षण सेवा, बचाव सेवा, सामग्री वितरण सेवा या स्टेजिंग एरिया सर्विस, सामग्री उद्धार सेवा सॉल्वेज सर्विस, कल्याण सेवा, यातायात एवं परिवहन सेवा तथा आपदा के दौरान मृत व्यक्तियों के दाहसंस्कार तथा मृत पशुओ के उचित निपटान की व्यवस्था के लिए टीमें गठित की गई है। इन टीमों में आधा सैकडा से अधिक अधिकारी नियुक्त किये गये है।

# जिला एवं तहसील स्तर पर इंसिडेंट रिस्पोंस टीम का गठन

**दतिया।** आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अंतर्गत मुख्य सचिव म.प्र. शासन की अध्यक्षता में गठित राज्य कार्यपालिक समिति की बैठक में लिए गए निर्णय एवं मध्य प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग मंत्रालय भोपाल के परिपालन में मध्यप्रदेश के समस्त जिलों तथा जिलों के अंतर्गत आने वाले समस्त तहसीलों में प्राकृतिक एवं मानव जानित आपदाओं के दौरान विभिन्न विभागों ऐजेंसियों के संसाधनों का एकीकृत प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत राहत खोज एवं बचाव कार्यो का संपन्न करने हेतु जिला तथा तहसील स्तर पर घटना प्रतिक्रिया टीम का गठन किया गया है। साथ ही उनके दायित्वों का निर्धारण किया गया है। घटना प्रतिक्रिया टीम (सृज) जिला स्तरीय इंसिडेंट रिस्पोंस टीम में जिन अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए उनमें जिम्मेदार अधिकारी के रूप में कलेक्टर श्री संदीप कुमार माकिन मो. 9425489644, इंसिडेंट कमांडर के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षय कुमार तेम्रवाल मो. 7501351934, उप इंसिडेंट कमांडर के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट श्री नीरज शर्मा, मो. 9826248644, नोडल आफिसर डिप्टी कलेक्टर श्री भरत कुमार मो. 9893582817, सूचना एवं मीडिया अधिकारी जिला जनसंपर्क अधिकारी सुश्री निहारिका मीना मो. 8319104881, संपर्क अधिकारी डिप्टी कलेक्टर (प्रोटोकाल) श्रीमती भूमिजा सक्सेना मो. 8839047987, सुरक्षा अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दतिया श्री सुनील शिवहरे मो. 9404541300 होंगे। इसी प्रकार ऑपरेशन सेक्शन प्रमुख के रूप में पुलिस अधीक्षक श्री बीरेन्द्र कुमार मिश्रा मो. 8527387878, स्टेजिंग एरिया मैनेजर प्लाटून कमांडर एसडीईआरएफ श्री शिवराज बघेल मो. 8871234968, प्राकृतिक आपदाएं डिस्ट्रिक्ट कमांडेट होमगार्ड एसडीईआरएफ श्री जितेन्द्र त्रिपाठी मो. 9826492980, स्वास्थ्य जैविक संबधी आपदाएं जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीके वर्मा मो. 9406568942, मानव निर्मित आपदाएं जिला अग्निशमन अधिकारी श्री देवेन्द्र कौल मो. 9770666318, पशु प्रेरित रोग संबधी आपदाएं जिला पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.दास मो. 9425572337, वन अग्नि संबधी आपदाएं जिला वन अधिकारी श्री मोहम्मद माज मो. 7838554571, ट्रांसपोर्टेशन ब्रांच जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती स्वाति पाठक मो. 7970224897, योजना सेक्शन प्रमुख चीफम्युनिसिपल ऑफिसर श्री नागेन्द्र गुर्जर मो. 8103302562, संसाधन यूनिट हेड डिप्टी कलेक्टर श्री भरत कुमार मो. 9893582817, स्थिति यूनिटहेड भू अभिलेख अधीक्षक श्रीमती पूजा माबई मो. 9074887375, पलेखन यूनिट हेड जिला योजना अधिकारी श्री एसएस सिसोदिया मो. 9826733118, विनियोजन यूनिट हेड डिप्टी कलेक्टर श्री भरत कुमार मो. 9893582817, लॉजीस्टिक सेक्शन प्रमुख जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री एमएल मालवीय मो. 8989450122, संचार यूनिट हेड एसडीओपी समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, मेडीकल यूनिट हेड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीके वर्मा मो. 9406568942, फूड यूनिट हेड डीएसओ श्री एमएस मालवीय मो. 8989450122, सुविधा प्रदाय यूनिट हेड कार्यपालन यंत्री कार्यपालन यंत्री मो. 9826207654, सुविधा इकाई प्रमुख लोक निर्माण विभाग लोक निर्माण विभाग, ग्राउंड सहयोग यूनिट हेड डिप्टी कलेक्टर श्रीमती भूमिजा सक्सेना मो. 8839047987, टाइम यूनिट हेड भू-अधीक्षक राजस्व विभाग श्रीमती पूजा माबई मो. 9074887375, प्रोक्योरमेंट यूनिट हेड डिप्टी कलेक्टर श्री भरत कुमार मो. 9893582817 शामिल है।

तहसील स्तरीय इंसिडेंट रिस्पोंस टीम का दायित्व जिम्मेदार अधिकारी के रूप में समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री संतोष तिवारी मो. 9926889334, डिप्टी कलेक्टर सुश्री सोनाली राजपूत मो. 7879888032, श्री अशोक अवस्थी मो. 9893822950 इसिडेंट कमांडर के रूप में तहसीलदार समस्त तहसीलदार शामिल है।

# सीईओ श्री गुर्जर द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का अवलोकन



**श्योपुर ब्यूरो।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा गत 5 मई से 5 जून तक संचालित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर खेल अधिकारी श्री अरूण सिंह चौहान भी मौजूद रहें। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के दौरान कॉलेज ग्राउंड एवं बायपास पार्क पर फुटबाल, कराते, खो-खो, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, टेबल टेनिस, व्हालीबाल, कबड्डी खेलो में कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बायपास पार्क में चल रहे कराते प्रशिक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री गुर्जर द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया तथा प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली गई। इसके उपरांत उन्होंने कॉलेज के खेल मैदान तथा इंडोर हॉल में आयोजित खेल फुटबाल, हॉकी, टेबल टेनिस, वेटलिफ्टिंग एवं देहात थाना खेल मैदान पर आयोजित खेल खो-खो के खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त किया एवं खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी लगन के साथ खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त करें, खिलाड़ियो को प्रतिदिन 2 घटें खेलना आवश्यक है, जिससे फिजिकल फिटनिस अच्छी होती है। खेल प्रशिक्षण शिविर में लगभग 270 खिलाडी भाग ले रहे है। इस अवसर पर श्री आशीष दुबे युवा समन्वयक कराहल, श्रीमती बिन्दू शर्मा युवा समन्वयक श्योपुर, श्री डेलन सिंह जिला खेल प्रशिक्षक ग्रेड 02, श्री पंकज शर्मा सचिव जिला खो-खो संघ, श्री मनुप्रताप सिंह भदौरिया खेल अधिकारी पी.जी. कॉलेज, श्री सचिन वैष्णव सचिव जिला हॉकी संघ, श्री सोनू शर्मा, श्री कुणाल गौड फुटबाल प्रशिक्षक, श्री मनन गुप्ता खो-खो प्रशिक्षक, श्री सूरज भदौरिया वेटलिफ्टिंग प्रशिक्षक, श्री गौरव राजपूत टेबल-टेनिस प्रशिक्षक श्री उदस सिंह राजावत, श्री दुगेश चौहान कराते प्रशिक्षक एवं वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**श्योपुर ब्यूरो।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में भी प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। आईआईटी में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने कम्प्यूटर या एंड्रॉयड मोबाइल फोन अथवा ऑनलाइन सहायता केन्द्रों के माध्यम से विभाग के पोर्टल https://mpiticounseling.co.in/ पर 31 मई तक अपना पंजीयन व च्वॉइस फिलिंग कर सकते हैं। आईटीआई श्योपुर में 05 व्यवसायिक पाठ्यक्रम संचालित हैं। आईटीआई के प्राचार्य श्री आशीष जैन ने बताया कि आईटीआई में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी पंजीयन उपरांत संस्थाओं तथा व्यवसायों के क्रम का चयन 10 मई से 31 मई तक कर सकेंगे। इसी क्रम में 5 जून को आवेदकों के लॉगइन पर कॉमन रैंक प्रदर्शित की जायेगी। इसमें यदि आवेदकों को कोई त्रुटि सुधार कराना हो तो ईमेल mpiticounselingw®wz@gmail.com के माध्यम से अपने रजिस्ट्रेशन क्रमांक व अंक सूची के आधार पर 6 जून से 8 जून तक सुधार करा सकेंगे। विस्तृत जानकारी के लिये प्रवेश प्रभारी श्री अतुल चतुर्वेदी मोबाइल नंबर 7047515000 से संपर्क किया जा सकता है।

**आईटीआई श्योपुर में यह ट्रेड हैं संचालित**

आईटीआई श्योपुर में 05 व्यवसायिक पाठ्यक्रम संचालित हैं। जिनमें कोपा, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मैकेनिक डीजल, स्टेनोग्राफर (हिंदी) शामिल हैं।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में जिला स्तर पर नागरिक सुरक्षा के संबध में बैठक संपन्न

## प्रशासन द्वारा नागरिक सुरक्षा के संबध में निरंतर व्यवस्थाओं की समीक्षा की जा रही



**दतिया।** शासन के निर्देशों के पालन पर जिला स्तर पर नागरिक सुरक्षा के संबध में बैठक हुई संपन्न। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्री संदीप कुमार माकिन एवं पुलिस अधीक्षक श्री बीरेन्द्र कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से की। उन्होंने जिला स्तर पर आपात की स्थिति में विभिन्न सेवाओं जैसे विद्युत आपूर्ति, संचार, परिवहन, राहत शिविर, चिकित्सा सेवा, बचाव एवं खोज, पेयजल, खाद्यान्न आदि के संबध में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। नागरिक सुरक्षा के संबध में स्वयं सेवकों को होमगार्ड द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएग। स्वयं सेवको की उम्र 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए एवं 50 वर्ष से अधिक नहीं। जिसके उपरांत उन्हें प्रशिक्षण का प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा। इस प्रशिक्षण के लिए विभिन्न निकायों के अधिकारियों को स्वयं सेवको के रजिस्ट्रेशन कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई। ट्रेनिंग 2 चरणों में होगी। पहली सामान्य ट्रेनिंग और दूसरे चरण में 12 विशेष विषय की जिसमें वे सेवा देना चाहेंगे जैसे हताहत सेवा, संचार सेवा, बचाव सेवा, कल्याण सेवा, यातायात सेवा इत्यादि। आपात की स्थिति में नागरिको की सुरक्षा हेतु आश्रम स्थलों के चिन्हीकरण के निर्देश दिए। आपात की स्थिति में सायरन किस प्रकार बजेगा, जिसमे पीला रंग, लाल रंग और हरा रंग अलग-अलग संकेत देगा। जिला स्तर एवं उपखंड स्तर पर कंट्रोल रूम बनाए जा रहे है। इनमें जिले के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संपर्क सूत्र के साथ-साथ उनके दायित्वों एवं उनके द्वारा की रही सेवाओं की साथ में स्वयं सेवकों की जानकारी संधारित रहेगी। जिसमें बेहतर समन्वय स्थापित हो सके ओर त्वरित एक्शन लिया जा सके। श्री माकिन ने समस्त अधिकारियों को युद्वस्तर पर अपनी-अपनी तैयारियों को करने के निर्देश दिए।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग श्योपुर (म.प्र.)**
दूरभाष न. कार्या 07530-222753 ईमेल – eeressheopur@mp.gov.in

क्रमांक 963 /निविदा/ग्रायांसे/एसएसी/2025-26 दिनांक 08/05/2025

//प्रेस विज्ञप्ति//

**संक्षिप्त ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/2025-26**

निम्नलिखित कार्य बावत् ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदा लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पद्दिति से पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से **दो कवर पद्दिति** में ऑनलाईन आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | सिस्टम आई.डी. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रूपये में) | समयावधि (वर्षाकाल सहित/रहित) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_RES_421653 | ग्राम आवदा में आवदा –गोरस रोड़ पर माता मंदिर के सामने प्रांगण में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य ग्राम पंचायत आवदा विकासखण्ड कराहल | 3.39 | 6780 | 2000 | 06 माह वर्षाकाल सहित | म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट), वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें। निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक **17.05.2025 समय 10:00** बजे से प्रारंभ होकर निविदा प्रपत्र ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **03.06.2025 समय 18:00** बजे तक निर्धारित है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेब साईट पर देखी जा सकती है।

संशोधन संबंधी सूचनाएं उपरोक्त बेवसाईट पर दी जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
ग्रायांसे संभाग श्योपुर म.प्र.

G-12735/25

# आरटीई के तहत प्रायवेट स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

## आवेदन की अंतिम तिथि 21 मई

**श्योपुर ब्यूरो।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में ऑनलाइन निशुल्क प्रक्रिया शुरू हो गई है। डीपीसी डॉ पीएस गोयल ने बताया कि श्योपुर जिले में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में आरटीई अतंर्गत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन की प्रक्रिया गत 7 मई से शुरू हो गई है। जिले में 508 सीटे पोर्टल पर प्रदर्शित की गई है, इन सीटो पर आरटीई के तहत एडमिशन किये जायेंगे।

उन्होने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 21 मई तक नियत की गई है, इस अवधि में त्रुटि सुधार भी किया जा सकता है। आवेदन पश्चात् 23 मई तक सत्यापन की प्रक्रिया की शासकीय जनशिक्षा केन्द्रो के माध्यम से की जायेगी। 29 मई को रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लाटरी द्वारा स्कूल का आवंटन होगा तथा एसएमएस के माध्यम से आवेदको को सूचना दी जायेगी, आवंटन उपरांत अशासकीय स्कूलो में प्रवेश हेतु उपस्थिति 2 जून से 10 जून तक दी जा सकेगी। प्रवेश के लिए वंचित समूह अंतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति, वनभूमि के पट्टाधारी, विमुक्त जाति तथा दिव्यांग बच्चे और एचआईवी ग्रस्त बच्चों को पात्रता प्रदान की गई है, कमजोर वर्ग अंतर्गत बीपीएल परिवारों को, अनाथ बच्चे, कोविड-19 में माता-पिता अथवा अभिभावको की मृत्यु के कारण अनाथ बच्चे शामिल किये गये है, अधिक जानकारी के लिए जिला शिक्षा केन्द्र श्योपुर से संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# माय भारत पोर्टल पर पंजीकृत युवा वॉलेंटियर के रूप में शामिल होंगे

**श्योपुर ब्यूरो।** माय भारत युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार, सक्रिय रूप से देश भर के युवाओं को माय भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन के लिए प्रेरित कर रही है। माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर यह राष्ट्रव्यापी आह्वान युवा नागरिकों को राष्ट्रीय हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के एक ठोस प्रयास का हिस्सा है। उपनिदेशक माय भारत नेहरू युवा केंद्र श्री विनोद चतुर्वेदी ने बताया की खासकर आपात स्थितियों और संकट के दौरान, इस पहल का उद्देश्य एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित, उत्तरदायी और लचीला स्वयंसेवी बल तैयार करना है, जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित स्थितियों के समय नागरिक प्रशासन की मदद कर सके। वर्तमान परिदृश्य और उभरती सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए, एक मजबूत, समुदाय-आधारित प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करने की तत्काल और बढ़ती आवश्यकता है। नागरिक रक्षा स्वयंसेवक स्थानीय अधिकारियों को विभिन्न प्रकार की सेवाओं के माध्यम से समर्थन देकर इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें बचाव और निकासी अभियान, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा प्रतिक्रिया और पुनर्वास प्रयासों में सहायता करना शामिल है। एक तैयार और प्रशिक्षित नागरिक बल का महत्व पहले से कहीं अधिक है, और माय भारत इस राष्ट्रीय मिशन में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए, माय भारत अपने युवा स्वयंसेवकों के गतिशील नेटवर्क और अन्य सभी उत्साही युवा नागरिकों से अपील करता है कि वे आगे आएं और माय भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में पंजीकरण करें। मौजूदा माय भारत स्वयंसेवक और नए व्यक्ति जो इस क्षमता में राष्ट्र की सेवा करना चाहते हैं, वे शामिल हो सकते हैं।

# दिव्यांग सर्टिफिकेट के लिए विजयपुर में शिविर 15 को

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आज टीएल बैठक में दिये गये निर्देशो के अनुसार दिव्यांगजनो के मेडिकल बोर्ड से सर्टिफिकेट बनाये जाने के लिए विजयपुर में 15 मई को शिविर लगाया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के मेडिकल बोर्ड से दिव्यांग सर्टिफिकेट यूडीआईडी कार्ड बनाये जाने हेतु जनपद पंचायत विजयपुर में 15 मई को शिविर लगाया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने सीईओ जनपद पंचायत विजयपुर एवं सीएमओ नगर परिषद विजयपुर को निर्देश दिये है कि ऐसे दिव्यांगजन जिनके प्रमाण पत्र नही बने है, उन्हें शिविर स्थल पर पहुंचाना सुनिश्चित करे तथा वार्ड प्रभारियों को दायित्व प्रदान करें।

# कटे फटे होठ, हार्ट डिसिज, क्लबफुट उपचार चिन्हांकन हेतु ढेगदा में शिविर आज

## 13 मई से 21 मई तक कराहल विकासखण्ड में लगेगे शिविर

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आरबीएसके अंतर्गत कटे-फटे होठ वाले बच्चों के ऑपरेशन सहित हार्ट डिसिज, क्लबफुट एवं कॉकलीयर इंप्लांट सहित 38 प्रकार की बीमारियों के निशुल्क उपचार हेतु कराहल क्षेत्र में विशेष ड्राइव चलाने के निर्देशो के क्रम में 13 मई से 21 मई तक विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में आज 13 मई को ढेगदा में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिलीप सिकरवार ने बताया कि 13 मई को उप स्वास्थ्य केन्द्र ढेगदा, 14 मई को उप स्वास्थ्य केन्द्र गिरधरपुर, 15 मई को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरगवा, 16 मई को उप स्वास्थ्य केन्द्र सेसईपुरा, 19 मई को उप स्वास्थ्य केन्द्र पहेला, 20 मई को उप स्वास्थ्य केन्द्र गोरस एवं 21 मई को आंगनबाडी केन्द्र आवदा पर शिविर आयोजित होंगे। आरबीएसके प्रभारी श्रीमती स्नेहलता गुर्जर ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आरबीएसके टीम द्वारा शून्य से 18 वर्ष तक के जन्मजात विकृति के बच्चो के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर उपरोक्तानुसार आयोजित किये जा रहे है।

# सीएमएचओ ने गोराघाट में चांदसी क्लीनिक का किया औचक निरीक्षण



**दतिया।** आज रविवार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी.के वर्मा द्वारा गोराघाट स्थित चॉदसी क्लीनिक संचालक बाबूल विश्वास की क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें बाबुल विश्वास द्वारा बिना पंजीयन के मरीज देखे जा रहे थे एवं मरीजो को इंजेशन एवं ड्रिप लगाई जा रही थी। क्लीनिक पर ही बिना फर्मोसिस्ट के एलोपैथिक दवाओ की बिक्री की जा रही थी।

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. वर्मा द्वारा योग्यता प्रमाण पत्र मॉगे गये किन्तु चिकित्सक द्वारा योग्यता प्रमाण पत्र भी निरीक्षण के समय उपलब्ध नही कराये गये। उन्होंने क्लीनिक को तत्काल बंद कराया गया एवं निर्देशित किया गया कि आप तीन दिवस के अंदर आप एमपीऑनलाईन के माध्यम से पंजीयन करावे एवं उसके पश्चात अपने पैथी से संबंधित समस्त आवश्यक दस्तावेज जिला चिकित्सायल में कार्यालीन समय में लेकर जॉच हेतु उपस्थित हो। बिना पंजीयन के मरीज का उपचार करने की स्थिती मध्य प्रदेश उपचार्यगृह/रूजोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम की धारा 4 एवं 5 की उपधारा 1 अनुसूची 1,3 नियम 17 एवं 18 के अधीन कार्यवाही की जावेगी।

# सीएमएचओ ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**दतिया।** आज रविवार कलेक्टर श्री संदीप कुमार माकिन के निर्देशन में आपदा प्रबंधन आपातकालीन परिस्थितियों को देखते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं को आमजन हेतु सरल करने के लिए मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी जिला दतिया डॉ. वी.के. वर्मा, आरएमओ डॉ. दिनेश तोमर, डॉ. राहुल एमओ ,आशीष एवं अस्पताल स्टाफके साथ जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आपदा प्रबंधन दृष्टीगत ट्रामा सेंटर में 20 बेड की व्यवस्था की गई है। जिसमें 24 घंटे चिकित्सक की ड्यूटी आपातकालीन परिस्थितियों को देखते हुए लगाई जाएगी। प्रभारी को समस्त आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां व पर्याप्त बेड की स्थिति बनाए रखने हेतु निर्देशित किया, संस्था प्रभारी को निर्देश दिए की स्वास्थ्य संस्थाएं 24 घंटे संचालित हो। उन्होंने कहा कि वार्ड में पर्याप्त साफ सफाई के साथ वार्ड बॉय की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

# ग्राम ककरौआ में जलगंगा अभियान के तहत जल चौपाल का हुआ आयोजन

**दतिया।** आज रविवार को प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी विकाखंड दतिया श्री देवेन्द्र कुमार उदेनिया द्वारा जलगंगा अभियान के अंतर्गत ग्राम ककरौआ में जल चौपाल का आयोजन किया गया। जलगंगा अभियान के तहत उन्होंने विभाग की समस्त योजनाओं की जानकारी कृषकों को दी एवं किसानों को अधिक से अधिक पंजीयन कराने की अपील की। जिसमें गांव की समस्त कृषकों द्वारा श्री उदैनिया का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया।

# कलेक्टर ने ब्रीफिंग किए जाने हेतु संयुक्त कलेक्टर को किया अधिकृत

**दतिया।** कलेक्टर श्री संदीप कुमार माकिन ने आदेश जारी कर उल्लेख किया है कि विभिन्न संचार साधनों से मिथ्या एवं भ्रामक जानकारी प्रेषित की जा रही है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय सुरक्षा का दृष्टिगत रखते हुए मीडिया के समक्ष जिला प्रशासन की ओर से ब्रीफिंग किए जाने हेतु संयुक्त कलेक्टर दतिया श्री ऋषि कुमार सिंघई को एतद द्वारा अधिकृत किया गया है।

# नागरिक सुरक्षा को लेकर दिया गया वृहद प्रशिक्षण

## आपदा आने पर बरती जाने वाली सावधानियां और लोगों तक त्वरित मदद पहुँचाने की बारीकियाँ समझाई

## जनप्रतिनिधिगण, जिला स्तरीय अधिकारी, एसडीएम व नगर निगम के अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण





**ग्वालियर।** आपात आपदा की स्थिति में कौन-कौन सी सावधानियां बरतनी हैं, सायरन बजने पर क्या करना है, मौके पर उपलब्ध संसाधनों से घायलों की कैसे मदद करनी है, रासायनिक व जैविक हमलों से कैसे बचना है । आपात स्थिति निर्मित होने पर अपनाई जाने वाली सावधानियां एवं जरूरतमंदों तक मदद पहुँचाने से संबंधित तमाम बारीकियां सिखाई गईं। यहाँ बात हो रही है जिला प्रशासन की पहल पर नागरिक सुरक्षा को लेकर राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में आयोजित हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह व नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय की मौजूदगी में आयोजित हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसडीआरएफ की टीम ने जीवंत प्रदर्शन कर आपदा के समय लोगों को बचाने के उपाय समझाए। साथ ही वीडियो क्लिपिंग के माध्यम से नागरिक सुरक्षा व सावधानियों से संबंधित जानकारी दी गई। रासायनिक व जैविक हमलों से बचाव पर प्रजेंटेशन भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिया गया। नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधायक श्री साहब सिंह गुर्जर तथा श्री विनोद शर्मा व श्री विजय जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, शांति समिति के सदस्यगण, अपर जिला दण्डाधिकारी श्री टी एन सिंह विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व जिले के एसडीएम एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने नागरिक सुरक्षा से संबंधित बारीकियां सीखीं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संत कृपाल सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन श्री एस बी ओझा ने किया।

**सजग प्रहरी की भूमिका निभाएँ सभी जिम्मेदार नागरिक - कलेक्टर श्रीमती चौहान**

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने इस अवसर पर आह्वान किया कि हम सब संयमित पर सतर्क रहकर सजग प्रहरी की भूमिका निभाएँ, जिससे आपात स्थिति आने पर हम अपने शहर, प्रदेश व देश की सुरक्षा व मजबूती में योगदान दे सकें। उन्होंने जानकारी दी कि जिला प्रशासन, पुलिस व नगर निगम ने मिलकर आपात स्थिति के मद्देनजर व्यापक तैयारियां की हैं। वायुसेना के साथ तत्काल कम्युनिकेशन चैनल तैयार किया गया है। आपात स्थिति में आवश्यकता पड़ने पर लोगों को जल्द से जल्द स्वास्थ्य सेवायें मुहैया कराने के लिये शहर को चार हिस्सों में बांटकर बारीकी से अस्पतालों एवं वहाँ उपलब्ध संसाधनों की बारीकी से मैपिंग कर ली गई है। इसी तरह जरूरत पड़ने पर लोगों को आश्रय स्थल (शेल्टर) भी चिन्हित कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में सफलतापूर्वक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने प्रशिक्षण के दौरान जानकारी दी कि सम्पूर्ण शहर में जरूरत पड़ने पर सायरन के माध्यम से लोगों को सतर्क व सचेत किया जा सके, इसके लिये सभी वार्डों में स्थल चिन्हित कर फिलहाल लाउड स्पीकर के माध्यम से सायरन बजाने की व्यवस्था कर ली गई है। बहुत से अस्पतालों व पेट्रोल पंप संचालकों ने भी अपने यहाँ सायरन लगा लिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि शहर की हर कॉलोनी व बसाहट में लोगों को सतर्क करने के लिये ब्लैकआउट वार्डन भी नियुक्त किए जा रहे हैं जो अपने-अपने क्षेत्र में सायरन बजने पर घरों की लाइट बंद करने इत्यादि के लिये लोगों को सतर्क करने में मदद करेंगे। इसी तरह शासन के निर्देशों के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं को सिविल डिफेंस वॉलेन्टियर बनाया जायेगा। इसमें खासतौर पर एनसीसी, स्काउट, गाइड, सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम कर चुके लोगों को प्राथमिकता दी जोयगी। इन सभी को एसडीआरएफ के माध्यम से प्रशिक्षण भी दिलाया जायेगा।

**आंतरिक सुरक्षा की मजबूती में सिविल सोसायटी का योगदान जरूरी ङ्क एसएसपी श्री सिंह**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने कहा कि आंतरिक सुरक्षा की मजबूती में सिविल सोसायटी की जागरूकता व योगदान जरूरी है। आंतरिक सुरक्षा की मजबूती देश की सीमा पर तैनात जवानों का मनोबल बढ़ाती है। इसलिए सिविल सोसायटी नागरिक सुरक्षा में सहयोग के लिये आगे आए। उन्होंने कहा कि यदि कहीं आंतरिक सुरक्षा को क्षति पहुँचाने के लिये राष्ट विरोधी गतिविधियां दिखाई दें तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस व जिला प्रशासन को दी जाए।

**आपदा मित्र बनकर घायलों की मदद करने के तरीके बताए**

एसडीआरएफ के जवानों ने नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण के दौरान स्ट्रेचर बनाने, घायलों को सुरक्षित रूप से बाहर निकालने के विभिन्न तरीके एवं प्राथमिक चिकित्सा देने की विधियों का व्यवहारिक व जीवंत प्रदर्शन करके दिखाया। एसडीआरएफ के जवानों ने कहा कि आम नागरिक भी इन विधियों को अपनाकर आपदा मित्र की भूमिका निभा सकते हैं। आपदा के समय सीपीआर देकर लोगों का जीवन बचाने की बारीकियां भी उन्होंने प्रभावी ढंग से समझाईं। साथ ही बताया कि आपदा की स्थिति में दीवारों के किनारे, टेबल इत्यादि के नीचे सहारा लें। यदि सड़क से जा रहे हों तो पुलों इत्यादि के नीचे वाहन रोककर खड़े हो जाएं।

**रासायनिक हमला होने पर मुँह पर गीला कपड़ा बाँधें और हवा की विपरीत दिशा से निकलें**

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि यदि कहीं रासायनिक एवं जैविक हमला हुआ हो तो मुँह पर गीला रूमाल या कपड़ा बांधकर हवा के विपरीत दिशा से निकलना चाहिए। इसके बाद सुरक्षित स्थान पर पहुँचकर साबुन लगाकर अच्छी तरह मुँह-हाथ धोकर नहा लेना चाहिए। मुल्तानी मिट्टी व राख से हाथ व शरीर की सफाई भी अत्यंत कारगर रहती है।

**ब्लैक आउट का सायरन बजने पर घरों की बत्तियाँ बंद कर पर्दे डाल दें**

प्रशिक्षण के दौरान खासतौर पर बताया गया कि ब्लैक आउट का सायरन बजते ही घरों की बत्तियाँ बंद कर दें। साथ ही दरवाजों व खिड़कियों के पर्दे डाल दें। प्रयास ऐसे हों कि जरा सी भी रोशनी घर के बाहर नहीं दिखनी चाहिए।

**जिले में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध**

कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षण के दौरान जानकारी दी कि जिले में वर्तमान परिस्थिति को ध्यान में रखकर राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत ड्रोन उड़ाने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। इसलिये कोई भी ड्रोन न उड़ाए अन्यथा कार्रवाई की जायेगी। विशेष परिस्थिति में पुलिस के माध्यम से विधिवत अनुमति लेनी होगी। बगैर अनुमति के कदापि ड्रोन नहीं उड़ाए जा सकेंगे।

# निगमायुक्त ने की चंबल से पानी लाने एवं सीवर संधारण कार्य की समीक्षा



**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त श्री संघप्रिय ने सोमवार को चंबल से पानी लाने की योजना में चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी 66 वार्ड में सीवर संधारण कार्य के लिए टेंडर आमंत्रित किए जाने हेतु कार्य की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बाल भवन के टीएलसी में आयोजित बैठक में अपर आयुक्त श्री विजय राज, कार्यपालन यंत्री श्री संजीव गुप्ता श्री आरके शुक्ला, उपायुक्त श्री ए पी एस भदोरिया, श्री रजनीश गुप्ता सहित सहायक यंत्री एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान सहायक यंत्री एवं नोडल अधिकारी सुश्री शालिनी सिंह ने चंबल से पानी लाने की योजना पर किए जा रहे कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी दी। जिसमें पाइप लाइन डालने के कार्य के बारे में जानकारी दी गई। जिस पर निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने निर्देश दिए कि कार्य समय सीमा में पूर्ण करें तथा जिन कार्यों के लिए अनुमति, एन ओ सी अथवा सर्वे करना है तो उसके लिए प्रक्रिया पूर्ण करें तथा जहां भी आवश्यक हो पत्र लिखें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके द्वारा इसकी अब साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने सीवर संधारण कार्य हेतु किए जाने वाले टेंडर एवं उनकी शर्तों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की शर्तें सरल हो जिससे वेंडर आसानी से पार्टिसिपेट कर सके और यह भी सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार से सीवर संधारण के कार्य में कोई लापरवाही ना हो। निगमायुक्त ने निर्देश दिए की शीघ्र टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए जिससे बारिश के समय सीवर की समस्या का सामना न करना पड़े।

# बुद्ध पूर्णिमा पर प्रभात फेरी मंडल ने गौशाला में किया भजन-कीर्तन व संत-सत्संग



**ग्वालियर।** वैशाख पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रीकृष्णायन गौशाला परिसर में बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ उल्लासपूर्वक संपन्न हुआ।लश्कर में तिघरा रोड़ के नीचे माधव नगर में प्रतिदिन प्रभात फेरी निकालने वाले उदयभान रजक एवं वहां की नारी शक्तियों की मंडली ने इस विशेष दिन पर भजन, कीर्तन और गौगाथा का गायन कर श्रद्धालुओं को भक्ति-रस में सराबोर कर दिया। गौशाला में आयोजित संत-सत्संग में स्वामी ऋषभदेवानंद जी महाराज ने भगवान बुद्ध के जीवन, दर्शन और करुणा आधारित जीवनशैली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ÷गौसेवा और बुद्ध का मार्ग दोनों ही 'जीव मात्र के कल्याण' की भावना को साकार करते हैं। गौमाता की सेवा, करुणा और संवेदना का जीवंत प्रतीक है, जो आज के युग में अत्यंत प्रासंगिक है। इस अवसर पर नगर के श्रद्धालु, युवा स्वयंसेवक, महिला मंडल तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्वामी जी के चरणों में प्रणाम करते हुए सभी नारी शक्तियां आनंद से भर गई और उन्होंने सुंदर-सुंदर भजन सुनाए इसके बाद वहां का वातावरण खुशहाली एवं आनंद से भर गया जो गौशाला तीर्थ स्थान की पहचान बन गया है, कार्यक्रम का समापन पारंपरिक गौपूजन और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से लिए सेम्पल

**ग्वालियर।** कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर ग्वालियर जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों की सघन जाँच का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने विभिन्न डेयरियों का निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा विभाग के श्री सतीश कुमार शर्मा ने शिन्दे की छावनी स्थित श्रीकृष्णा डेयरी का निरीक्षण कर दूध, दही एवं घी के नमूने लिए। इसी प्रकार श्री सतीश कुमार धाकड ने शिन्दे की छावनी स्थित बालाजी डेयरी का निरीक्षण कर दूध एवं दही के नमूने लिये। इसके साथ ही श्री बृजेश कुमार शिरोमणि ने गेंडे वाली सडक स्थित फर्म शिव डेयरी का निरीक्षण कर दूध एवं दही के नमूने लिये। खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा लिए गए नमूनों की जाँच राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजी जायेगी। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# शिवमहापुराण कथा के लिए हुआ भूमिपूजन

## भव्य कलश यात्रा 14 को, कौशिक जी महाराज होंगे शामिल

**ग्वालियर।** गौतीर्थ तुलसी तपोवन गौशाला के सहायतार्थ फूलबाग मैदान ग्वालियर में 14 मई से 23 मई तक पुराण मनीषी श्री कौशिक जी महाराज के पावन सानिध्य में शिवमहापुराण कथा का आयोजन के लिये आज कथा स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में रानीघाटी गौशाला के महंत श्री प्रेमानंद जी महाराज, गंगादास की बड़ी शाला के महंत श्री रामसेवक दास महाराज, गौशाला स्वामी ऋषभ देवानंद जी महाराज, पूजन आचार्य गिर्राज गुरू जी, प्रथम नागरिक एवं महापौर डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के मुख्य आतिथ्य में किया गया। यह भी बता दे कि 14 मई को अपरान्ह 4 बजे से श्री सनातन धर्म मंदिर अचलेश्वर मार्ग से कथा स्थल फूलबाग मैदान तक भव्य कलश यात्रा निकलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के संयोजक विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा कि शिवमहापुराण कथा वाचक श्री कौशिक जी महाराज ने प्रण लिया है कि जब तक उनकी गौशाला में 1 लाख गायें नही होंगी, तब तक भोजन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कथा के माध्यम से निश्चित ही गौवंश की सेवा होगी। डॉ. सिकरवार ने कहा कि कथा की तैयारियां जोरों पर चल रही है और कथा को सफल बनाने के लिये आयोजन समितिओं का गठन कर लिया गया है। कार्यक्रम में महंतगणों द्वारा भी शिवमहापुराण कथा की महत्वताओं एवं उससे प्राप्त होने वाले फल के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रविन्द्र सिंह राजपूत पूर्व जी.डी.ए अध्यक्ष, प्रेमसिंह यादव पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे, श्याम बंसल, मोहन महेश्वरी, किशोर जैन, हरिदास अग्रवाल, अशोक जैन, महेश मुदगल, उमेश उप्पल, राकेश अग्रवाल उपाध्यक्ष चेम्बर ऑफ कॉमर्स, सुरेश दादा, विजय कब्जू, महेन्द्र सेंगर, रमेशचन्द्र गोयल, एम.आई.सी सदस्य अवधेश कौरव, रामदेव शास्त्री, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, अनूप शिवहरे, बृजेश शुक्ला, रूपेश दुबे, पार्षद प्रमोद खरे, सुरेन्द्र साहू, विजय बहादुर त्यागी, सुरेश प्रजापति, पार्षद अंकित कठठ्ल, हेमलता प्रजापति, अभय कुमार सिंह, गायत्री चौरसिया, अशोक शर्मा, रामअवतार जाटव, जीतू कुशवाह, हरेन्द्र वर्मा, नवल शर्मा, औतार कुशवाह, श्याम गुप्ता, गीता गुप्ता, अनिल शर्मा 'बिट्टू', नरेश शर्मा, सतेन्द्र नागर, भूपेन्द्र बघेल, अनूप मिश्रा, सुनील कक्का, सीमा समाधिया, ममता कटारे, सुनीता तोमर, जगदीश उपाध्याय, अनिल वर्मा, राकेश बंसल, संजय मुदगल, महेश कुशवाह, के.के. शर्मा, मनीष अग्रवाल, रामबाबू अग्रवाल, आदित्य शर्मा, सत्यम त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



# वारदात करने की नियत से घूम रहे दो बदमाषों को अलग-अलग स्थानों से पकड़कर पुलिस ने उनसे अवैध हथियार किये जप्त

## उक्त बदमाषों से 32 बोर की एक पिस्टल मय जिन्दा राउण्ड एवं 315 बोर का देशी कट्टा मय 01 जिंदा राउण्ड किया जप्त।



**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह (भापुसे) के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने व खरीद फरोख्त करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) श्री निरंजन शर्मा ने अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्तियों को चेक कर अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफकार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार एसडीओपी डबरा जितेन्द्र नगाइच के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डबरा सिटी निरीक्षक यषवंत गोयल के द्वारा अवैध हथियार रखने वाले बदमाषों की धरपकड़ हेतु पुलिस की टीम गठित कर मुखबिर तंत्र सक्रिय करने के निर्देश दिये गये। दिनांक 11.05.2025 को पुलिस टीम को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि कर्रा नहर के पास डबरा में एक व्यक्ति अवैध हथियार लिये कोई वारदात करने की नियत से घूम रहा है। उक्त सूचना पर से पुलिस टीम ने कर्रा नहर के पास जाकर देखा तो मुखबिर के बताये हुलिये का संदिग्ध व्यक्ति घूमता दिखा, जिसने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस टीम द्वारा उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये संदिग्ध से नाम पता पूछने पर उसने स्वयं को ग्राम विट्टोरा थाना दुरसड़ा जिला दतिया का रहने वाला बताया। पकड़े गये व्यक्ति की तलाषी लेने पर उसके पास से 32 बोर की पिस्टल व एक जिन्दा राउण्ड विधिवत जप्त किया गया। पकड़े गये आरोपी के खिलाफथाना डबरा सिटी में 25/27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार थाना डबरा सिटी पुलिस ने दूसरी कार्यवाही में मुखबिर सूचना पर से पिछोर तिराहा के पास वारदात करने की नियत से घूम रहे एक बदमाष को पकड़ा गया। जिसने पूछताछ में स्वयं को ग्राम महाराजपुरा थाना सेवढा जिला दतिया का रहने वाला बताया। पकड़े गये बदमाष के पास से एक 315 बोर का देशी कट्टा व एक 315 बोर का जिन्दा राउण्ड विधिवत जप्त किया गया। उक्त बदमाष के खिलाफथाना डबरा सिटी में 25/27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

**जप्त मषरूका:-** 32 बोर की पिस्टल व एक जिन्दा राउण्ड एवं 315 बोर का 01 देशी कट्टा मय 01 जिंदा राउण्ड किये जप्त।

**सराहनीय भूमिका:-** थाना प्रभारी डबरा निरी0 यशवंत गोयल, सउनि0 विनोद कुमार लखन, प्र.आर0 दिनेश सिंह, आर0 प्रवेश चौरसिया, आर0 अविनाश पटसारिया, आर0 शिवओम गौड, आर0 सत्यम सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# थाना बहोड़ापुर पुलिस ने किले पर दरगाह के पास लोडेड कट्टा लिए बैठे एक बदमाष को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देष पर ग्वालियर पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने एंव अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त करने वालों के विरूद्ध जिले में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही के दौरान दिनांक 11.05.2025 को थाना बहोड़ापुर पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति किले पर दरगाह के पास अवैध हथियार लिये किसी गंभीर अपराध करने की नियत से बैठा हुआ है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिस पर से अति0 पुलिस अधीक्षक(मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर ने थाना बहोड़ापुर पुलिस को उक्त सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में सीएसपी ग्वालियर श्रीमती किरण अहिरवार के कुषल मार्गदर्षन में थाना प्रभारी बहोड़ापुर निरीक्षक जितेन्द्र सिंह तोमर ने थाना बल की टीम को मुखबिर के बताये स्थान किले पर दरगाह के पास कार्यवाही करने हेतु भेजा गया। मुखबिर के बताये स्थान पर संदिग्ध व्यक्ति की तलाश की गई तो किले पर दरगाह के पास एक पुराने पत्थर के कमरे में देखा तो मुखबिर द्वारा बताई हुलिया का एक व्यक्ति दिखा जिसने पुलिस टीम को देखकर भागने की कोषिष की लेकिन पुलिस टीम द्वारा घेरकर पकड़ लिया गया और पूछताछ करने पर उसने कोटेश्वर कालोनी गली नं.03 थाना बहोडापुर जिला ग्वालियर का होना बताया। पुलिस द्वारा पकड़े गये व्यक्ति की तलाशी ली तो उसकी बाँयी तरफ कमर में एक 315 बोर का लोहे का कट्टा मिला जिसे खोलकर देखा तो उसमे एक जिन्दा राउण्ड था। पकड़े गये आरोपी का यह कृत्य धारा 25/27 आम्स एक्ट के तहत दंडनीय होने से विधिवत जप्ती एवं गिरफ्तार की कार्यवाही की गई और थाना बहोड़ापुर में अप0क्र0 282/25 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध किया जाकर उससे अवैध हथियार के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। पकड़े गय आरोपी के खिलाफ पूर्व से थाना ग्वालियर में 02 एवं थाना बहोड़ापुर में 01 प्रकरण पंजीबद्ध हैं जो हत्या का प्रयास, मारपीट तथा आर्म्स एक्ट के हैं।

**जप्त मषरूका:-** एक 315 बोर का कट्टा मय एक जिंदा राउण्ड जप्त किया।

**सराहनीय भूमिका:-** थाना प्रभारी बहोड़ापुर निरीक्षक जितेन्द्र सिंह तोमर, उप निरी0 रामचन्द्र शर्मा, प्र.आर. लोकेंद्र सिंह, प्र.आर. जसविंदर सिंह, प्र.आर. कोसलेश शर्मा, आर. तारा सिंह, आर. विष्णु सिंह सराहनीय भूमिका रही।

# मकोड़ा क्षेत्र में फर्जी बीएसएफकी वर्दी पहनकर घूम रहे संदिग्ध व्यक्ति को थाना बिलौआ पुलिस ने पकड़कर की कार्यवाही

**ग्वालियर।** भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनावपूर्ण हालातों को दृष्टिगत रखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे के निर्देष पर ग्वालियर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देष्य से संदिग्ध व्यक्तियों, होटल, ढाबों व धर्मषालाओं तथा थाना क्षेत्र में विषेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान दिनांक 11/12.05.2025 की दरमियानी रात्रि को थाना बिलौआ पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक संदिग्ध व्यक्ति जो बीएसएफ का नही है परन्तु बीएसएफकी वर्दी पहनकर थाना क्षेत्रातंर्गत मकोड़ा में घूम रहा है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर(पष्चिम) श्री गजेन्द्र वर्धमान को थाना बिलौआ पुलिस की टीम से उक्त सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही कराने हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में डीएसपी ग्रामीण श्री चंद्रभान सिंह चढार के कुषल मार्गदर्षन में थाना प्रभारी बिलौआ निरी0 इला टण्डन के द्वारा थाना बल की टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु भेजा गया। पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान मकोड़ा में एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा जो बीएसएफ की वर्दी पहनकर घूम रहा था। जिसे पुलिस टीम द्वारा रोककर नाम पता पूछने पर उसने स्वयं को ग्राम खिदरपुर पोस्ट फरेंजी जिला मैनपुरी (उ0प्र0) का होना बताया। पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति से बीएसएफ का पहचान पत्र चाहा गया उसके द्वारा पहचान पत्र न होना बताया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति से वर्दी पहनने के संबंध में गहनता से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि मेरा भाई बीएसएफ में हैं और यह वर्दी भी उसकी है। उक्त व्यक्ति के पास मिले बैग की तलाशी ली गयी तो बैग के बाहर राहुल सिंह रेंक एचसी यूनिट एसटीसी लिखा हुआ था और बैग के अंदर दो जोडी सादा कपड़े पाये गये। उक्त व्यक्ति का यह कृत्य धारा 205 बीएनएस के तहत दण्डनीय पाये जाने आरोपी से बीएसएफकी वर्दी को विधिवत जप्त किया गया तथा उसे सादा पकड़े पहनाये गये। उक्त आरोपी के खिलाफथाना बिलौआ में अप0क्र0-61/25 धारा 205 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पकड़े गये आरोपी के उक्त प्रकरण के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

**सराहनीय भूमिका:-** थाना प्रभारी बिलौआ निरीक्षक इला टण्डन, सउनि0 सुदीप सिंह पमार, आर0 रामू सविता, आर0 नरेन्द्र, आर0 संजीव मावई, आर0 संजीव यादव, आर0 चालक धर्मवीर गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

# थाना तिघरा क्षेत्र में पेड़ काटने पर हुये विवाद में लाठी से जानलेवा हमला करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** घटना का संक्षिप्त विवरणः- दिनांक 12.01.2025 को फरियादी वीरेन्द गुर्जर निवासी ग्राम गुर्जा थाना तिघरा जिला ग्वालियर ने थाने में रिपोर्ट लेख कराई थी कि वह दूध का काम करता है। दिनांक 12. 01.2025 की दोपहर वह दूध डालने ग्वालियर गया था तभी उसके पिता रनवीर गुर्जर ने फोन करके बताया कि बड़े बंगला के पास खेत पर मेरे चाचा भरत गुर्जर पेड़ काट रहा था तो गांव के ही निवासी व्यक्ति ने कहा कि यह हमारा पेड़ है इस पेड़ को मत काटो इसी बात पर से उसने भरत गुर्जर को गाली देकर लाठी से मारपीट कर दी है भरत गुर्जर के सिर में लगी चोट से खून निकल रहा है। फिर मैं घर पहुंचा तो पेड़ काटने वाली बात को लेकर गांव के निवासी पॉच व्यक्तियों ने मुझे व मेरे चाचा भरत गुर्जर, पिता रनवीर गुर्जर, भाई जीतेन्द्र गुर्जर को गाली देने लगे। फिर मैने गाली देने से मना किया तो उन्होने हमारी मारपीट की जिसमें हम लोग गंभीर रूप घायल हो गये। वह लोग जाते जाते कह रहे थे आईन्दा पेड काटने को कहा तो जो जान से खत्म कर देंगे। फरियादी की रिपोर्ट पर से आरोपियों के खिलाफथाना तिघरा में अप0क्र0 08/25 धारा 296,115(2),351(3),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर थाना तिघरा पुलिस द्वारा उक्त प्रकरण में धारा 109(1) इजाफा की गई। उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक (मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर को थाना तिघरा पुलिस टीम से उक्त प्रकरण में वांछित सभी आरोपियों को गिरफ्तारी हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषानुसार सीएसपी ग्वालियर श्रीमती किरण अहिरवार के कुषल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तिघरा निरीक्षक षिवकुमार शर्मा द्वारा पुलिस की टीम को आरोपियों को पकड़ने हेतु लगाया गया। दौराने विवेचना पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के छिपने के संभावित जगहों पर तलाष की गई एवं उनकी पतारसी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय किये गये। दिनांक 11.05.2025 को पुलिस टीम को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उक्त प्रकरण का एक आरोपी पवा मढैया से सुजवाया गाँव की ओर जाते हुये देखा गया है। उक्त सूचना पर से पुलिस ने पवा मढैया से सुजवाया गाँव की ओर जाने वाले रास्ते पर आरोपी की तलाष की गई तो गाँव से कुछ दूरी पर मुखबिर के बताये हुलिये का एक संदिग्ध व्यक्ति पैदल जाता हुआ दिखाई दिया, जिसने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस टीम द्वारा उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये संदिग्ध से नाम पता पूछने पर उसने स्वयं को ग्राम गुर्जा थाना तिघरा जिला ग्वालियर का रहने वाला बताया। पकड़े गये संदिग्ध से उक्त प्रकरण के संबंध में गहनता से पूछताछ की गई तो उसके द्वारा उक्त अपराध करना स्वीकार किया। जिस पर से पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपी को थाना तिघरा के अप0क्र0 08/25 धारा 296,115(2),351(3),3(5) बीएनएस इजाफा धारा 109(1) बीएनएस के प्रकरण में गिरफ्तार किया गया। थाना तिघरा पुलिस द्वारा उक्त प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की तलाष की जा रही है।

**सराहनीय भूमिका:-** थाना प्रभारी तिघरा निरी0 षिवकुमार शर्मा, उनि0 महेन्द्र सिंह कुशवाह, आर0 सुनील कुशवाह, आर0 रवि गुर्जर, आर0 हरेन्द्र कुषवाह की सराहनीय भूमिका रही।

# संपादकीय

## आरक्षण का धंधा ट्रेन की तरह

सुप्रीम कोर्ट ने देश में आरक्षण की तुलना ट्रेन से करते हुए कहा है कि जो लोग डिब्बे में चढ़ जाते हैं, 'वे नहीं चाहते कि दूसरे अंदर आएं।' जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिर सिंह की पीठ ने महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण का विरोध करने वाली याचिका की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। दरअसल, यह याचिका स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण बिना यह पता लगाए दिए जाने के खिलाफ थी कि आरक्षण पाने वाले राजनीतिक रूप से पिछड़े हैं, भी या नहीं। इस पर शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की कि देश में आरक्षण का धंधा ट्रेन की तरह हो गया है। जो रेलगाड़ी के डिब्बे में चढ़ गए हैं, वे नहीं चाहते कि कोई और अंदर आए। यही पूरा खेल है। याचिका डालने वाले का भी यही खेल है। याचिकाकर्ता मंगेश शंकर सासाने ने कहा कि राजनैतिक पिछड़ापन सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन से अलग है, और ओबीसी को स्वयंमेव राजनीतिक रूप से पिछड़ा नहीं माना जा सकता है। ओबीसी के भीतर आरक्षण के उद्देश्य से राजनीतिक और सामाजिक रूप से पिछड़े वगरे को पहचाना जाना चाहिए। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जब कोई समावेशिता के सिद्धांत का पालन करता है, तो राज्यों को अधिक वर्ग की पहचान करने के लिए बाध्य होना पड़ता है। सामाजिक रूप से, राजनीतिक रूप से और आर्थिक रूप से कोई पिछड़ा होगा तो उसे लाभ से वंचित क्यों किया जाना चाहिए। आरक्षण का मुद्दा देश में इस कदर संवेदनशील हो चुका है कि समाज में अलगाव और असंतोष का जब-तब रूप लेता दिखाई पड़ा है। ओबीसी में क्रीमी लेयर का मसला भी इसी के चलते से उभरा है। अनेक जातियां और सामाजिक समूह भी आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग करने लगे हैं। दरअसल, जातिगत आरक्षण के संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 16 की जरूरतों को पूरा करने के लिए आरक्षण की व्यवस्था है। आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक रूप से पीछे रह गई जातियों को आरक्षण का लाभ इसलिए दिया जाता है कि वे संविधान के समानता के सिद्धांत का लाभ उठा कर अन्य जातियों के बराबर आ जाएं। लेकिन समाज में आरक्षण को लेकर पनपे व्यापक असंतोष के चलते जब-तब पिछड़ेपन को फिर-फिर परिभाषित करने की नौबत आ ही जाती है।

# नहीं सुधरने वाला है आतंकवाद का पालनहार पाकिस्तान

(मनोज कुमार अग्रवाल-विनायक फीचर्स)



पाकिस्तान एक ऐसा देश है जिसे हमेशा से आतंकवाद का पालन-पोषण करने वाले देश के तौर पर जाना जाता है। सीजफायर की घोषणा के बाद भी कई घंटे उसकी नापाक हरकत जारी रही। उधर चीन का असली चेहरा भी सामने आ गया जब उसके विदेश मंत्री ने साफ कह दिया कि चीन पाकिस्तान के साथ खड़ा है। इस सबके बावजूद अब सीजफायर दोनों देश मान रहे हैं और हमले दोनों तरफ से बंद हो गए हैं। प्रभावित इलाकों में जनजीवन सामान्य की ओर लौटना शुरू हो गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने पाकिस्तान को ये बता दिया है कि परमाणु बम होने के बावजूद वो उसके घर में घुसकर हमला कर सकता है, उसके कान पकड़ सकता है। साल 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भी दोनों देश परमाणु सशस्त्र थे, उस समय संघर्ष काफी सीमित रहा था, जिसकी सबसे बड़ी वजह सिर्फ एक क्षेत्र में युद्ध का होना था। कारगिल का इलाका काफी मुश्किल था जो एलओसी के काफी सीमित क्षेत्र में लड़ा गया था और भारत वह लड़ाई कारगिल से पाकिस्तानी सैनिकों को भगाने के लिए लड़ रहा था। उस युद्ध में भारत ने पाकिस्तान के अंदर हमला नहीं किया था और ना ऐसा कोई फैसला लिया गया था। इसके अलावा उस वक्त दोनों देशों के पास नये नये परमाणु हथियार थे और दोनों ही देश परमाणु हथियारों को लेकर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम विकसित कर रहे थे।लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हालात अलग थे। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान परमाणु बम रखने वाले पाकिस्तान के अंदर घुसकर उसके एयरबेस उड़ाए, उसके मिसाइल डिफेंस सिस्टम तहस-नहस किए और ऐसा पूरी क्षमता के साथ किया , जिसमें भारत ने पाकिस्तान की सेना को सिर्फ कुछ घंटों की लड़ाई में अपनी ताकत दिखा दी। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के हृदय स्थल पंजाब में हमले किए और संदेश दिया कि देश का संयम खत्म हो चुका है। ऑपरेशन सिंदूर में सिर्फ पहलगाम आतंकी हमले का क्रोध नहीं था, बल्कि संसद हमला हो, या मुंबई हमला या फिर पुलवामा हमला... हर आतंकी हमले का प्रतिशोध था। यकीन मानिए कुछ घंटों की लड़ाई में भारतीय सेना ने जो तबाही मचााई उसने पाकिस्तान की सेना को दहला दिया है। पाकिस्तानी सोशल मीडिया और टीवी चैनलों पर भले कितनी ही उछल कूद मचा लें, शहबाज शरीफ जीत का दावा कर लें, लेकिन हकीकत ये है कि 3-4 घंटे भी भारतीय सेना के सामने पाकिस्तान की सेना




नहीं ठहर पाई। भारत ने अपने हमले में पूरी क्षमता वाले हथियारों का इस्तेमाल नहीं किया, बल्कि काफी कम विध्वंसक हथियारों का इस्तेमाल किया। पाकिस्तान सालों से आतंकी हमले करता आ रहा था, वो भारत को चिढ़ाता था, मजाक उड़ाता था, उसने परमाणु हथियारों की आड़ में 'ब्लीड इंडिया' का भ्रम पाल रखा था, जिसे भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के साथ ध्वस्त कर दिया है। पाकिस्तान को साफ शब्दों में संदेश चला गया है कि भारत जब चाहे उसके घर में घुसकर उसे ठोक सकता है। भारत के हवाई और मिसाइल हमलों ने पाकिस्तान के महत्वपूर्ण शहरों के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया और भारत ने कम से कम पाकिस्तानी एयर फोर्स के 11 ठिकानों पर मौजूद अहम प्रॉपर्टी को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। भारत का सबसे बड़ा हमला रावलपिंडी, जहां पाकिस्तानी सेना का हेडक्वार्टर (जीएचक्यू) है, उस शहर में किया गया। रावलपिंडी एयरबेस, जो जीएचक्यू से सिर्फ 12 किलोमीटर दूर है, भारत ने उसे तहस-नहस कर दिया। इस हमले ने पाकिस्तान को डरा दिया। भारत का ये हमला सिर्फ एक स्ट्रैटजिक हमला नहीं था, बल्कि पाकिस्तानी सेना को सीधी चुनौती थी। रावलपिंडी पर हमले ने जीएचक्यू की सांसे रोक दी और उसे संदेश मिल गया कि भारत जब चाहे जीएचक्यू को भी खत्म कर सकता है। परमाणु %डर% की दीवार को भारत ने तोड़ा। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने दो सबसे महत्वपूर्ण संदेश दिए हैं। पहला ये कि पाकिस्तान का कोई भी सैन्य ठिकाना या आतंकी सेंटर भारत की मिसाइलों की पहुंच से दूर नहीं हैं और दूसरा संदेश ये कि भारत ने परमाणु बम के डर की दीवार को तोड़ दिया है। भारत, पाकिस्तान की परमाणु धमकियों से विचलित हुए बिना उसके खिलाफ कार्रवाई करेगा। कारगिल युद्ध के बाद पाकिस्तान के आतंकियों ने दर्जनों बार भारत में आतंकी हमले किए लेकिन पाकिस्तान की परमाणु गीदड़भभकी ने भारत के हाथ बांधकर रखे थे।

# रोजगार के अवसर तलाशने का दौर

(डॉ. सुधाकर आशावादी-विभूति फीचर्स)



बढ़ती जनसंख्या प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन का माध्यम बनती है। सरकार चाहे जितनी भी नीतियां बना ले, किन्तु जब तक व्यक्ति स्वयं प्रयास नहीं करेगा, तब तक उसकी आजीविका सुचारु रूप से नहीं चल सकती। व्यक्ति की समझ का विकास जितना प्रत्यक्ष अनुभव से होता है, उतना सुनी सुनाई बातों से नहीं हो सकता। देश की समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं को समझने के लिए देशाटन महत्वपूर्ण उपाय है। प्रकृति प्रेमी देश के प्राकृतिक सौंदर्य को आँखों में भरने के लिए पर्वतीय स्थलों का चयन करते हैं और भक्ति भाव में डूबे श्रद्धालु धार्मिक स्थलों का। यही कारण है कि देश में प्राकृतिक स्थलों के साथ साथ धार्मिक स्थलों पर भी भ्रमण बढ़ गया है। अनेक नगर धार्मिक महत्ता के लिए प्रसिद्ध हैं, जहाँ आय का मुख्य स्रोत ही श्रद्धालुओं का आवागमन है। 2025 में आयोजित महाकुंभ में विश्व भर से आए करोड़ों श्रद्धालुओं व पर्यटकों ने पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई। विश्व के किसी भी आयोजन में करोड़ों श्रद्धालुओं की भागीदारी ने जहाँ भारत में धर्म के प्रति आस्था और विश्वास का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया, वहीं अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से पुलिस व प्रशासन ने जिस प्रकार आयोजन को सफल बनाया, वह अकल्पनीय था। निसंदेह महाकुंभ ने विश्व भर को भारत की आध्यात्मिक चेतना तथा सामाजिक समरसता से सन्नद्ध संस्कृति से परिचित कराया तथा भारत की विश्व के प्रति कल्याणकारी दृष्टि का बोध भी कराया। डेढ़ माह तक तक संगम नगरी में हुए संत समागम ने देश विदेश के करोड़ों श्रद्धालुओं को महाकुंभ स्नान के प्रति आकर्षित किया। यह भारतीय दर्शन के प्रति आम आदमी के विश्वास का परिचायक रहा। एक अरसे बाद यह पहला अवसर था, कि जब आस्था के महाकुंभ में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं ने अपनी यात्रा में अयोध्या के श्री राम मंदिर और वाराणसी के बाबा विश्वनाथ मंदिर के दर्शनों को भी सम्मिलित किया। महाकुंभ अवधि में अयोध्या और वाराणसी में श्रद्धालुओं ने मंदिर दर्शन के पिछले सभी कीर्तिमान ध्वस्त कर दिए। भारत के विभिन्न राज्यों में बारह ज्योतिर्लिंग हैं, श्रद्धालु जिनकी यात्राएं वर्ष भर करते हैं। इसी प्रकार दक्षिणी प्रदेशों में प्रसिद्ध मंदिर एवं पर्यटन स्थल हैं। भारत जैसे देश में जहाँ बेरोजगारी की समस्या को बढ़ा चढ़ा कर प्रचारित किया जाता रहा है तथा स्वरोजगार को नकार कर केवल सरकारी रोजगार को ही प्राथमिकता दी जाती रही है। ऐसे में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के माध्यम से धार्मिक नगरों में निसंदेह रोजगार के बड़े अवसर उपलब्ध हुए। कुंभ नगरी में अनेक युवाओं ने स्वरोजगार के माध्यम से कमाई के कीर्तिमान भी स्थापित किए, जिससे समाज में स्पष्ट संदेश गया कि यदि व्यक्ति को स्वयं की कार्य दक्षता पर विश्वास हो, तो वह स्वयं रोजगार सृजित कर सकता है तथा अन्य के लिए भी रोजगार के अवसर उपलब्ध करा सकता है। देश में धार्मिक आस्था के केंद्रों पर यदि श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, तो देश में बेरोजगारी की समस्या को एक हद तक दूर किया जा सकता है। कौन नहीं जानता कि विश्व में अनेक देश ऐसे हैं, जहाँ आय का मुख्य स्रोत ही पर्यटन है। भारत में भी प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर अनेक ऐसे स्थल हैं जो विश्व भर को अपनी ओर आकर्षित करते हैं तथा अनेक धार्मिक स्थल ऐसे हैं जो सम्पूर्ण विश्व का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में समर्थ हैं ।

## शब्द सामर्थ्य -046

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 045 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सू- दोकू क्र. 046

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.045 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

# राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। मेहनत, धैर्य और समझदारी से आज रुके हुए काम निपटा लेंगे। आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। आज का दिन आपके लिए दिन संतोषजनक साबित होगा। आज रोजगार में स्थितियां पहले से ठीक होने के योग है। अपने कॉन्टैक्ट्स पर ध्यान देंगे। आज आपके परिवार में धार्मिक कार्यों की योजना बन सकती है। दांपत्य जीवन में खुशियां आएंगी।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता भी मिलेगी। आज आप अपने करियर में सफलता पाने के लिए प्लानिंग करेंगे इससे आपको आने वाले दिनों में फायदा होगा। आपको नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होने के योग हैं। थोड़ी कोशिश करें तो आपको ज्यादा फायदा होगा। आज महत्वपूर्ण काम निपट सकते हैं। आपका दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। आज आपको वाहन सुख मिलने के योग बने हुए हैं।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स से भरा होगा। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। अधिकारियों से भी समय-समय पर मदद मिलेगी। ऑफिस में वह काम आपको आज मिल सकता है, जिसके लिए आप बहुत उत्सुक थे। आपके रुके हुए काम आज समय रहते पूरे हो जाएंगे। दोस्त या परिचित अपने काम से आपको काफी समय तक बिजी रख सकते हैं।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलेंगे तो आपको भी रिलैक्स फील होगा। आज बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। आज आपको पुरानी बातें याद आ सकती हैं। आज व्यापारिक मामलों में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी होगी। आज खुद पर उलझन हावी न होने दें इससे आप बहुत सी समस्याओं से बच जाएंगे। आपको अपने व्यवहार पर कंट्रोल करना पड़ेगा। किसी मौके पर आपका व्यवहार ही आपके लिए सफलता के मार्ग खोलेगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिंग में पूरी मेहनत करेंगे। कूरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज अच्छा फायदा होगा। आज विद्यार्थी प्रैक्टिकल को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। परिवार में सुख संतोष बढ़ेगा। स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहेगा। नवविवाहित दंपति आज धार्मिक स्थल पर जाने का विचार करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में दबदबा बना रहेगा।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फ़ोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। आज माता-पिता का आशीर्वाद लेने से आपके सभी काम बन जाएंगे। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे, आपको ऐसा करके अच्छा लगेगा। आज किसी बचपन के मित्र से आपकी मुलाकात हो सकती है, आप पुरानी बातों पर चर्चा करेंगे। आज कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला**
आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपको करियर में सफलता मिलने वाली है यह आपको किसी सपने जैसा महसूस होगा। आज बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ होगा। आज आपके सभी काम सुचारु रूप से पूरे होते जाएंगे। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। जो लोग लकड़ी के व्यापार से जुड़े हैं, आज उनको बड़ा प्रोजेक्ट मिलेगा। किसी मनोरंजक स्थान की सैर करने से आप तरोताजा महसूस करेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। ऑफिस के उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलने से आपका जरूरी काम बन जाएगा। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। किसी को उधार पैसा देने से पहले सोच-विचार करना बेहतर रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा करने का प्लान कर सकते हैं।

**धनु**
आज के दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपके अच्छे व्यवहार से समाज में आपकी अच्छी पहचान बनेगी। आज आप घर पर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं। कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है। आज ऑफिस के किसी कार्य वश आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। समझपूर्ण व्यवहार से आप परिवार की एकता को बरकार रखने में कामयाब होंगे। आपका सकारात्मक रवैया और पक्का आत्मविश्वास आपको आर्थिक सफलता की ओर ले जाएगा।

**मकर**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमानें का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। आपके जीवनसाथी जरूरत का सामान आपको गिफ्ट करेंगे। घर के कामों में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोग आज किसी सभा को आयोजित कर सकते हैं।

**कुंभ**
आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, खासकर आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे भी आपसे खुश रहेंगे। आज आप किसी नये बिजनेस को शुरू करने का विचार कर सकते हैं। आज कार्य में सफलता आपके हाथ जरूर लगेगी। आज तरक्की के किसी भी अवसर को अपने हाथ से न जाने दें, छोटा चांस भी आपको मालामाल बना सकता है। आज कम मेहनत में ज्यादा फल पाने वाला दिन हैं। कुल मिलाकर आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

**मीन**
आज आपका दिन उमंग से भरा रहने वाला है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। इतने दिनों से जो दिमाग में चल रहा था, आज करने का दिन है किस्मत का साथ मिल जाएगा। पिछले कुछ समय से जिनसे आपकी अनबन चल रही है, वह आज दूर हो जाएगी। आपको अपने गुण और अपने काम के कारण तारीफ मिल सकती है। दिनभर आप में कॉन्फिडेंस ज्यादा रहेगा। आज जो जिम्मेदारी आपको मिले, उसे स्वीकार करें।


# भारतीय संस्कृति पर हमला हैं लव जिहाद के बढ़ते मामले

(संदीप सृजन-विभूति फीचर्स)



मध्यप्रदेश आजकल लव जिहाद के मामलों के कारण चर्चा में है। राजधानी भोपाल, उज्जैन, सागर, मुरैना, खरगोन, कटनी, और नीमच जैसे जिलों में बीते कुछ दिनों में सामने आए लव जिहाद के मामलों ने सामाजिक तनाव को बढ़ाया है। देखा जाए तो यह भारतीय सभ्यता और संस्कृति पर सुनियोजित हमला और सामाजिक संतुलन को बिगाड़ने का प्रयास हैं। मध्य प्रदेश में लव जिहाद के मामलों में एक समान पैटर्न देखा गया है। आरोपियों द्वारा हिंदू नामों का उपयोग, सोशल मीडिया या व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से दोस्ती, शादी का झांसा, शारीरिक शोषण, और ब्लैकमेलिंग की गई है। कई मामलों में, पीड़िताओं पर धर्म परिवर्तन का दबाव डाला गया, जैसे बुरका पहनना या नमाज पढ़ना। भोपाल और उज्जैन जिले के गॉव बिछड़ौद जैसे मामलों में यह एक संगठित गिरोह का हिस्सा प्रतीत होता है। जिसमें फंडिंग, डाटा संग्रह, और वीडियो निर्माण की रणनीति शामिल है। लव जिहाद केवल अपराध नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति को कमजोर करने और सामुदायिक संतुलन को बिगाड़ने की साजिश हैं। भारतीय संस्कृति पर सुनियोजित हमला हैं। लव जिहाद के मामलों का उद्देश्य केवल हिंदू महिलाओं को निशाना बनाकर उनके पारिवारिक और धार्मिक मूल्यों को नष्ट करना है। भारतीय संस्कृति में नारी को सम्मान और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है,इन मामलों में नारी के सम्मान और पवित्रता को खंडित करने एवं हिंदू परिवारों की एकता को तोड़ने का प्रयास किया गया है। इसके अलावा, ऐसी घटनाएं हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच तनाव को बढ़ाकर सामाजिक संतुलन को बिगाड़ने का काम करती हैं। कुछ मामलों में हिंसक प्रदर्शनों और सामुदायिक तनाव ने इस खतरे को और स्पष्ट किया।

हाल ही में भोपाल के एक संगठित गिरोह ने कॉलेज की हिंदू छात्राओं को निशाना बनाया। मुख्य आरोपी और उसके सहयोगियों ने रेस्तरां और डांस अकादमी का उपयोग लड़कियों को फंसाने के लिए किया। उन्होंने दुष्कर्म, वीडियो निर्माण, और ब्लैकमेलिंग की, साथ ही पीड़िताओं पर बुरका पहनने और नमाज पढ़ने का दबाव डाला। इसी तरह उज्जैन के बिछड़ौद गांव में गत दिनों एक वायरल अश्लील वीडियो ने लव जिहाद का मामला उजागर किया। सात आरोपियों ने हिंदू लड़कियों के वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। पता चलने पर ग्रामीणों ने आरोपियों के घरों में आग लगा दी, जिससे तनाव फैल गया। पुलिस ने सातों को हिरासत में लिया। गांव में आरोपियों का जुलूस निकाला गया। हिंदू जागरण मंच ने इसे लव जिहाद का अड्डा करार दिया, और इसे हिंदू संस्कृति पर हमला बताया। सागर में एक हिंदू लड़की को शादी के दो दिन पहले एक मुस्लिम युवक भगा कर ले गया। उसने सोशल मीडिया के जरिए हिंदू नाम से लड़की से दोस्ती की थी। पुलिस ने पोक्सो एक्ट और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया, और आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके मोबाइल से आपत्तिजनक सामग्री मिली। इसी तरह मुरैना में एक कोचिंग सेंटर संचालक ने हिंदू नाम से हिंदू लड़कियों को निशाना बनाया। उसने कोचिंग में पढ़ाने के बहाने शोषण किया और अपनी पहचान छिपाई। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। इस घटना ने कोचिंग सेंटरों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए, और हिंदू संगठनों ने इसे हिंदू परिवारों को तोड़ने का प्रयास माना। खरगोन में एक आदिवासी हिंदू लड़की को हिंदू नाम से ब्लैकमेल किया गया और धर्म परिवर्तन का दबाव डाला। पीड़िता ने शिकायत की, और पुलिस ने आरोपी व उसकी सहेली के खिलाफ बलात्कार और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। इससे आदिवासी समुदाय में आक्रोश फैल गया। कटनी में इंस्टाग्राम पर हिंदू महिला से दोस्ती की और शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाए। उसने महिला को छोड़ दिया, और पुलिस ने बलात्कार व धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। इस मामले ने सोशल मीडिया के खतरों को उजागर किया। इस तरह के केस मध्यप्रदेश के अन्य स्थानों पर भी उजागर हुए है। जिनमें स्कूल, कॉलेज की छात्राओं, सहकर्मियों का शोषण किया और ब्लेकमेल किया गया । लव जिहाद के मामलों से हिंदू-मुस्लिम समुदायों की एक दूसरे के प्रति विश्वसनीयता में कमी आई है। कुछ जगह हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन भी किए। मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 2021 इन मामलों में मुख्य कानूनी आधार है, जो जबरन धर्म परिवर्तन के लिए 7 साल तक की सजा का प्रावधान करता है। 2025 तक 200 से अधिक मामले इस कानून के तहत दर्ज हुए है। भोपाल और बिछड़ौद में एसआईटी का गठन किया गया, जो अंतरराज्यीय नेटवर्क की जांच कर रहा है। लव जिहाद के कुछ मामलों में संगठित गिरोहों की भूमिका सामने आई है, जिनमें विदेशी फंडिंग की आशंका है। वहीं पुलिस की खुफिया व्यवस्था और साइबर निगरानी की कमी कई मामलों में देखी गई। पीड़िताओं को सामाजिक कलंक और कोर्ट में अपमान का सामना करना पड़ता है। इस कारण से पीड़िताओं के घर के लोग पुलिस और कोर्ट के सामने जाने से हिचकते है। इंदौर में एक पीड़िता ने अपमान के बाद इच्छामृत्यु तक की मांग कर ली थी। लव जिहाद का जाल न केवल अपराध का मामला है, बल्कि भारतीय संस्कृति और सामाजिक संतुलन पर हमला भी है। यह सामुदायिक विश्वास और महिलाओं की सुरक्षा की परीक्षा है। सरकार और समाज के लिए कुछ कदम आवश्यक हैं। लड़कियां ऐसे जाल में न फसें इसके लिए जागरूकता अभियान चला कर युवतियों को सोशल मीडिया के खतरों और फर्जी पहचान के बारे में शिक्षित करना जरुरी है। साइबर निगरानी और खुफिया तंत्र को मजबूत करना होगा। पुलिस और कोर्ट को पीड़िताओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम का प्रभावी कार्यान्वयन होना चाहिए। साथ ही घर परिवार में भारतीय संस्कार,हिंदू संस्कृति और सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देना चाहिए ताकि बच्चियां ऐसी साजिशों का शिकार न बनें। लव जिहाद के मामले मध्य प्रदेश में एक जटिल चुनौती बन रहे हैं, जिसका समाधान सख्त कानूनी कार्रवाई, सामाजिक जागरूकता, और सामुदायिक एकता से किया जाना चाहिए।



# जिद, जुनून एवं जज्बे से बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है: उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल




**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि जिद, जुनून एवं जज्बे से बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। मध्यप्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले रीवा संभाग के विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया है कि विन्ध्य का भविष्य सुनहरा है और आने वाले दिनों में यह विद्यार्थी अपना योगदान देंगे। उप मुख्यमंत्री ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले रीवा संभाग 66 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय रीवा परिसर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि इस उपलब्धि के लिए रीवा संभाग की चर्चा पूरे प्रदेश में हो रही है। उन्होंने प्रतीभाशाली बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा कि संस्कारवान शिक्षा ही सर्वोत्तम है। शिक्षित होकर संस्कारवान बनें और आगे बढ़ते रहें। श्री शुक्ल ने कहा कि जीवन में निराश न हों। सफलतायें एवं असफलतायें मिलती रहती हैं अपने लक्ष्य के लिए हमेशा प्रयासरत रहें। उन्होंने कहा कि इन बच्चों ने जो अपने अनुभव बताये हैं उससे यह सिद्ध होता है कि इन्हें आगे बढ़ने का मंत्र प्राप्त हो गया है। आगे की शिक्षा में इसी लगन और मेहनत से लगे रहे। उन्होंने रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए संभाग में प्रारंभ किये गये आपरेशन निखार की प्रशंसा की जिसके सार्थक परिणाम सामने आये हैं। उन्होने कहा कि

## संस्कारवान शिक्षा ही सर्वोत्तम है - उप मुख्यमंत्री

## उप मुख्यमंत्री ने 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले रीवा संभाग के 66 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

प्रशासन के साथ-साथ शिक्षा विभाग के शिक्षकों व अन्य अधिकारियों ने रीवा संभाग में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए समन्वित प्रयास किया है जो बधाई के पात्र हैं। उन्होंने अपेक्षा की कि प्रतिभाशाली बच्चों से अन्य बच्चे भी प्रेरणा लेगें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि विद्यार्थियों में घमण्ड व अतिरेक की भावना न जागृत हो। आत्मविश्वास कायम रहे जीवन में सफलता के लिए विनम्रता, लगन एवं निष्ठा आवश्यक है जो विद्यार्थियों को समग्रता देती है। श्री मिश्र ने कहा कि समाज में इन प्रतिभाओं की आग्रणी भूमिका रहेगी। उन्होंने अपेक्षा की कि प्रतिभावान छात्र अन्य विद्यार्थियों को भी मार्गदर्शन दें और उनको भी आगे बढ़ाने में मददगार हों। सांसद ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कमिश्नर रीवा संभाग द्वारा किये गये नवाचार की प्रशंसा की। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षकों और गुरूजनों के प्रयासों से ही बच्चों ने सफलता प्राप्त की है और विन्ध्य का नाम रोशन किया है जिससे हम सब गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि विन्ध्य में व्यवस्थाओं के बदलाव से प्रदेश में गौरव के साथ उत्कृष्ट स्थान प्राप्त हुआ है। स्कूल शिक्षा विभाग व प्रशासन के समन्वित प्रयास से विन्ध्य का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई दी।

इस अवसर पर कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने कहा कि रीवा का इतिहास शिक्षा के क्षेत्र में समृद्धशाली रहा है। इन प्रतिभावान विद्यार्थियों ने इसमें और चार चाँद लगा दिये हैं। उन्होंने कहा कि सम्मान समारोह में सभी को गौरव का अनुभव हो रहा है। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं उनके परिजनों को इस सफलता के लिए बहुत-बहुत बधाई। कमिश्नर ने कहा कि संभाग के 66 बच्चों ने मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। आप सभी मंजिल पर कायम रहते हुये लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सतत प्रयत्नशील रहें। इससे पूर्व कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में सिंगरौली की प्रज्ञा जायसवाल, सतना की प्रियल द्विवेदी, सीधी के दिव्यांशु तिवारी तथा रीवा के अंकुर यादव ने अपने अनुभव बताते हुए सफलता के लिए माता-पिता व गुरूजनों के योगदान का श्रेय दिया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन देते हुए संयुक्त संचालक लोक शिक्षण केपी तिवारी ने बताया कि कक्षा 10वीं की प्रदेश की प्रावीण्य सूची में संभाग के 39 तथा कक्षा 12वीं की सूची में संभाग के 27 विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी सतना टीपी सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सीधी केपी सिंह, सिंगरौली के सहायक संचालक आरडी साकेत, माखनलाल विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बृजेन्द्र शुक्ला, समाजसेवी राजेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी तथा उनके परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार जिला शिक्षा अधिकारी रीवा सुदामालाल गुप्ता ने ज्ञापित किया।

# हर आपात स्थिति के लिए सजगता से तैयार रहें : कमिश्नर

### कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की सिविल डिफेंस तैयारियों की समीक्षा




**रीवा,कासं.।** देश की वर्तमान स्थितियों तथा आपरेशन सिंदूर को ध्यान में रखकर रीवा संभाग के सभी जिलों में सिविल डिफेंस की तैयारियाँ कर ली गयी हैं। कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तैयारियों की जिलेवार समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों में शासन के निर्देशों के अनुरूप सिविल डिफेंस की अच्छी तैयारी कर ली गयी है। प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा नगरीय क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड से सिविल डिफेंस, वालेंटियर्स चुनकर उन्हें प्रशिक्षण दें। प्रमुख औद्योगिक संस्थानों तथा संवेदनशील स्थालों का निरीक्षण कर ले। इन स्थानों में आपदा प्रबंधन और नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर मौक ड्रिल भी कर लें। सभी कलेक्टर आपदा प्रबंधन के लिए नोडल तथा सहायक नोडल अधिकारी तैनात कर दें।

अधिकारियों को निर्देश देते हुए कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों में प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में सायरन की व्यवस्था कर लें। वालेंटियर्स के रूप में पूर्व सैनिक, एनसीसी, एनएसएस, सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी तथा ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों एवं विद्यार्थियों को शामिल करें। इन्हें आपदा प्रबंधन का पूरा प्रशिक्षण दें। सभी जिलों में कम्युनिकेशन प्लान के फोन नंबरों को अपडेट कर दें। आपदा प्रबंधन से जुड़े प्रमुख विभागों के अधिकारियों का व्हाटसएप ग्रुप भी बना लें। आपातकाल में उपचार व्यवस्था देने के लिए सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ निजी अस्पतालों में भी पूरी व्यवस्था कर लें। ब्लड बैंक में उपलब्ध खून की प्रतिदिन समीक्षा करें। ब्लड बैंक में पर्याप्त खून उपलब्ध रहे।

# सेवानिवृत्त जनसंपर्क अधिकारी श्री मिश्रा अब हमारे बीच नहीं रहे

### आयुक्त जनसंपर्क ने दिवंगत श्री मिश्रा को दी श्रद्धांजलि



**रीवा,कासं.।** सेवानिवृत जनसंपर्क अधिकारी श्री अरूण मिश्रा का 12 मई को सुबह 3 बजे हार्ट अटैक से दुखद निधन हो गया। श्री मिश्रा गत 10 वर्षों से लीवर सिरोसिस बीमारी से पीड़ित थे। उन्हें 3 मई को बीमार होने पर प्रार्थना हास्पिटल में भर्ती कराया गया। एक सप्ताह के उपचार के बाद श्री मिश्रा लगभग पूरी तरह से स्वस्थ्य हो गये। आचनक 10 मई को श्री मिश्रा को सीवियर हार्ट अटैक हुआ। उन्हें सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल रीवा में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। दो दिनों तक उपचार के बाद 12 मई को श्री मिश्रा ने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार रीवा में किया गया। श्री मिश्रा सेवानिवृत्त के बाद रीवा में ही निवास कर रहे थे। श्री मिश्रा के निधन पर जनसंपर्क आयुक्त श्री सुदामखाड़े ने गहन शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। श्री मिश्रा मूल रूप से सतना के निवासी थे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से शासकीय सेवा शुरू की। श्री मिश्रा 1992 में जनसंपर्क विभाग में सहायक सूचना अधिकारी के पद पर भर्ती हुये। श्री मिश्रा ने मंडला, डिडौरी, उमरिया, सीधी, सिंगरौली तथा रीवा जिले में विभाग में सेवाएं दी। श्री मिश्रा 31 अक्टूबर 2023 को सेवानिवृत्त हुये। श्री मिश्रा की लीवर सिरोसिस बीमारी का उपचार आईएलबीएस नई दिल्ली से चल रहा था। श्री मिश्रा के दुखद निधन पर संभागीय जनसंपर्क कार्यालय में शोक सभा करके दिवंगत आत्मा के लिए प्रार्थना की गयी। प्रभारी सहायक संचालक उमेश तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शिवप्रसन्न शुक्ला, जनसंपर्क अधिकारी सतना राजेश सिंह, फोटोग्राफर श्रवण श्रीवास्तव ने श्री मिश्रा के निवास स्थल जाकर शोक संवेदना व्यक्त की एवं अंतिम संस्कार में शामिल हुए। जनसंपर्क संघ के पदाधिकारियों तथा प्रदेश भर के जनसंपर्क अधिकारियों ने भी श्री मिश्रा के दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया।

### सिविल डिफेंस वालेंटियर्स के नामांकन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**रीवा 12 मई 2025.** जिले में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के नामांकन के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिये गये हैं। आयुक्त नगर निगम को नगरीय क्षेत्रों के लिए तथा सीईओ जिला पंचायत को ग्राम पंचायतों के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। इनके साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास व जिला समन्वयक जन अभियान परिषद को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## खेल/व्यापार

## संक्षिप्त समाचार

### शेयर बाजार में तूफानी तेजी, सेंसेक्स 1800 और निफ्टी 550 अंक उछला; भारत-पाक सीजफायर का दिखा असर

**मुंबई ,ए.।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) का सेंसेक्स करीब 1800 अंकों की रिकॉर्ड तेजी के साथ 81,300 के पार पहुंच गया। इस जबरदस्त तेजी के पीछे भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुई सीजफायर सहमति को अहम कारण माना जा रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी भी 550 अंकों की छलांग लगाकर 24,558 के आसपास कारोबार करती देखी गई। यह उछाल वैश्विक संकेतों और एशियाई बाजारों में मजबूती के साथ-साथ भारत-पाक संबंधों में अचानक आई नरमी के चलते आया है। गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गई थी। BSE सेंसेक्स 880 अंक गिरकर 79,454.47 पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी भी 265 अंकों की गिरावट के साथ 24,008 पर आ गई थी। निवेशकों के लिए यह गिरावट चिंता का कारण बनी हुई थी। आज सोमवार सुबह ही BSE Sense& ने 1500 अंकों की मजबूती के साथ 80,803.80 पर ट्रेडिंग की शुरुआत की। कुछ ही मिनटों में यह 1894 अंकों की उछाल के साथ 81,300 के करीब पहुंच गया। वहीं NSE Nifty ने भी 550 अंकों की छलांग लगाई और बाजार में चौतरफा तेजी दिखी। विश्लेषकों का मानना है कि भारत-पाक सीजफायर के ताजा घटनाक्रम ने निवेशकों की भावनाओं को सकारात्मक दिशा दी है। क्षेत्र में शांति की संभावनाएं बढ़ने से विदेशी निवेशकों का रुझान भी बाजार की ओर लौटता दिखाई दे रहा है।

### आने वाले समय में चीन से बेहतर प्रदर्शन करेगी भारतीय अर्थव्यवस्था : जिम रोजर्स

**नई दिल्ली ,ए.।** दिग्गज वैश्विक निवेशक जिम रोजर्स ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे अच्छा निवेश स्थान बनने की ओर आगे बढ़ रहा है और इसकी तुलना चीन से जरूर की जाएगी। साथ ही कहा कि आने वाले समय में देश की अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन चीन से भी अच्छा हो सकता है। जिम रोजर्स ने कहा, मैं दशकों से निवेश की दुनिया से जुड़ा रहा हूं और अपने जीवन में पहली बार मैंने दिल्ली को इस तरह से अर्थशास्त्र को समझते देखा है। अमेरिकी निवेशक ने आगे कहा, भारत फिर से उभर रहा है। मुझे लगता है कि दिल्ली के लोग समझते हैं कि क्या किया जाना चाहिए और वे सही चीजें करने की कोशिश कर रहे हैं। यह भारत और दुनिया के लिए बहुत अच्छा होगा। अगर भारत वास्तव में खुल सकता है और पूरी दुनिया के साथ व्यापार कर सकता है तो आप कल्पना भी नहीं कर सकते कि भविष्य में भारत कितना आकर्षक स्थान हो सकता है। रोजर्स ने कहा, फिलहाल भारत में मेरा कोई निवेश नहीं है, लेकिन मैं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में और अधिक निवेश करना चाहता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर बाजार नीचे चला जाता है और कुछ समय तक नीचे ही रहता है, तो मैं भारत में पैसा लगाना चाहूंगा। आईएमएफ की वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत 2025 में विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इस दौरान देश की जीडीपी का आकार बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगा, जबकि जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रह जाएगा। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर रोजर्स ने आईएएनएस से कहा कि यह दुनिया के साथ विशेष रूप से भारत के लिए अच्छा है। भारत ने अपने व्यापारिक साझेदारों के साथ 13 एफटीए पर हस्ताक्षर किए हैं। देश वर्तमान में ईयू, ऑस्ट्रेलिया, ओमान, पेरू और श्रीलंका के साथ व्यापारिक समझौतों को लेकर बातचीत कर रहा है।

# रोहित शर्मा के बाद विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा



**नईदिल्ली,एजेंसी।** इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से पहले रोहित शर्मा के बाद विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया. उन्होंने सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करके इस की जानकारी दी. कोहली ने लिखा, टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू जर्सी पहने हुए 14 साल हो चुके हैं. ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह फॉर्मेट मुझे किस सफर पर ले जाएगा. इसने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया और मुझे ऐसे सबक सिखाए जिन्हें मैं जीवन भर अपने साथ रखूंगा. सफेद जर्सी में खेलना एक बहुत ही निजी अनुभव है. शांत माहौल, लंबे दिन, छोटे-छोटे पल जिन्हें कोई नहीं देख पाता लेकिन जो हमेशा आपके साथ रहते हैं. कोहली ने आगे लिखा, जब मैं इस प्रारूप से दूर जा रहा हूं, तो यह आसान नहीं है, लेकिन यह सही लगता है. मैंने इसमें अपना सब कुछ दिया है, और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा दिया है. मैं दिल से आभार के साथ जा रहा हूं, उन लोगों के लिए जिनके साथ मैंने मैदान साझा किया, और हर एक व्यक्ति के लिए जिसने मुझे इस दौरान देखा. मैं हमेशा अपने टेस्ट करियर को मुस्कुराते हुए देखूंगा. बता दें कि इससे पहले ये रिपोर्ट आई थी कि रोहित शर्मा के 7 मई को टेस्ट से संन्यास की घोषणा करने के बाद 10 मई को विराट कोहली ने भी टेस्ट से रिटायरमेंट लेने के बारे में बीसीसीआई को बता दिया था. जिसके बाद से ही उनके रिटायरमेंट पर चर्चा शुरू हो गई थी. अब सबसे बड़ा सवाल ये खड़ा हो गया है कि रोहित और कोहली के जाने के बाद उनका जगह किस खिलाड़ी को टीम इंडिया में शामिल किया जाएगा. इन दो महान खिलाड़ियों को रिप्लेस करने के लिए लाइन में कई खिलाड़ी नजर आ रहे हैं. जिसमें जायसवाल, साई सुदर्शन, केएल राहुल, रितुराज गायकावाड और देवदत्त पड्डीकल का नाम शामिल है. विराट विराट कोहली ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और उन्होंने 123 टेस्ट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें उन्होंने 46.85 की औसत से 9230 रन बनाए हैं. इस फॉर्मेट में उनके नाम 30 शतक और 31 अर्धशतक है. इस के अलावा उन्होंने 2014 से 2022 तक भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान थे और सफलता दर के मामले में वे भारत के सर्वश्रेष्ठ कप्तान हैं. बतौर कप्तान कोहली के 68 मैचों में भारत ने 40 मैच जीते और 11 मैच ड्रॉ रहे। भारतीय टीम के ये महान बल्लेबाज अब सिर्फ 50 ओवर के फॉर्मेट में नजर आएंगे, क्योंकि दोनों क्रिकेटरों ने सबसे पहले क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट को अलविदा कहा. दोनो ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद ही अपने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था. उसके बाद अब इन दोनो खिलाड़ियों ने टेस्ट से भी दूरी बना ली है. रोहित ने 7 मई को अपने रिटायरमेंट का ऐलान किया जबकि कोहली ने 10 मई को इसकी घोषणा की. वनडे की बात करें तो कोहली ने 302 मौच में 58 की औसत से 14,181 रन बनाए हैं, जिसमें 51 शतक और 74 अर्धशतक शामिल है. कोहली की सबसे बड़ी पारी 183 रनों की है. वहीं रोहित शर्मा ने 273 मैच में 49 का औसत से कुल 11,168 रन बनाए हैं, जिसमें 32 शतक और 58 अर्धशतक शामिल है. रोहित की वनडे में सबसे बड़ी पारी 264 रनों की है।

### आईपीएल 2025 के शुरू होने की तारीखों का हो गया ऐलान? 1 जून को खेला जाएगा फाइनल?

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए 9 मई को बीसीसीआई द्वारा आईपीएल 2025 को स्थगित कर दिया गया था. अब भारतीय क्रिकेट फैंस के बीच खुशखबरी सामने आई है. दरअसल इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन का दोबारा से आगाज होने वाला है जिसकी तारीखें भी सामने आ गई हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो, बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि आईपीएल 2025 की फिर से शुरुआत 15 या 16 मई से होने वाली हैं. टूर्नामेंट का फाइनल मैच 1 जून को खेले जाने की उम्मीद जताई जा रही है. रिपोर्ट्स के अनुसार बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद बाकी बचे मैचों की मेजबानी करेंगेय आईपीएल टीमों के लिए आज रात तक नया शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा. इसके साथ ही दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच रद्द हुआ मैच भी फिर से कराए जाने की बात सामने आई है.




बीसीसीआई या आईपीएल की ओर से इसकी अभी तक कोई भी पुष्टि नहीं की गई है जबकि आज बीसीसीआई की आईपीएल के भविष्य को लेकर बैठक हुई है. आईपीएल और बीसीसीआई की ओर से जल्द ही टूर्नामेंट के नए शेड्यूल की घोषणा की जाने की उम्मीद जताई जा रही है. इससे पहले 9 मई की सुबह भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के बीच इंडियन प्रीमियर लीग को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया है जिससे टूर्नामेंट के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे थे. इससे पहले 8 मई को रात को पठानकोट के पास स्थित हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच हुए मैच को दोनों देशों के बीत हमले के बाद ब्लैकआउट होने पर रद्द कर दिया गया था. उस वक्त बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक बयान जारी कर कहा, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने चल रहे टाटा आईपीएल 2025 के शेष भाग को तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए निलंबित करने का फैसला किया है. संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के परामर्श से स्थिति का आकलन करने के बाद टूर्नामेंट के नए कार्यक्रम और स्थलों के बारे में आगे की जानकारी उचित समय पर दी जाएगी।

### आईपीएल के दोबारा शुरू होने से पहले आरसीबी को लगा बड़ा झटका?

## स्टार खिलाड़ी जोश हेजलवुड का भारत लौटना मुश्किल

**नईदिल्ली ,एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण एक हफ्ते तक स्थगित किए गए इंडियन प्रीमियर लीग को इसी महीने 16 या 17 तारीख को दोबारा शुरू किए जाने की संभावना है. क्योंकि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम हो रहा है और दोनों देश युद्ध विराम पर सहमत हो गए हैं. आईपीएल गवर्निंग बॉडी और बीसीसीआई अधिकारियों ने रविवार को बैठक की. बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि फिलहाल बीसीसीआई अभी भी शेड्यूल तैयार करने की प्रक्रिया में है.

उन्होंने कहा, हम जल्द ही इस पर फैसला लेंगे. टूर्नामेंट को जल्द से जल्द शुरू करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं. सूत्रों ने बताया कि बीसीसीआई ने फ्रेंचाइजियों से अपने खिलाड़ियों को वापस लाने को कहा है, क्योंकि टूर्नामेंट 16 या 17 मई को फिर से शुरू होने वाला है. यह भी कहा जा रहा है कि बचे हुए लीग मैच को कवर करने के लिए डबल हेडर मैच की ज्यादा संभावना है. फाइनल मैच 25 मई के बजाए अब 1 जून को हो सकता है. ऐसा भी कहा जा रहा है कि बचे हुए 17 मैच चार शहरों - हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता और बेंगलुरु में आयोजित किए जा सकते हैं. इस बीच, आईपीएल के फिर से शुरू होने से पहले ही आरसीबी को बड़ा झटका लगा है. इस सीजन में शानदार फॉर्म में चल रही आरसीबी प्लेऑफ के करीब है. उसने अब तक खेले गए 11 मैचों में से 8 जीते हैं और 3 हारे हैं. वह अंक तालिका में 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

## बड़ा झटका! जसप्रीत बुमराह ने ठुकराया भारतीय टीम की टेस्ट कप्तानी का ऑफर



**नई दिल्ली,एजेंर्सी।** भारतीय क्रिकेट टीम की टेस्ट कप्तानी किसे मिलने वाली है और कौन-कौन से खिलाड़ी रोहित शर्मा के बाद कप्तानी के दावेदार हैं. यह सवाल सभी फैंस के मन में बना हुआ है. लेकिन इसी बीच एक और बड़ी खबर आई है. दरअसल स्काई स्पोर्ट्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, जसप्रीत बुमराह ने अगले टेस्ट कप्तान बनने की दौड़ से बाहर होने का फैसला किया है. बुमहार के बाहर होने के बाद शुभमन गिल और ऋषभ पंत अब रोहित शर्मा के रिटायरमेंट के बाद उनके उत्तराधिकारी बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं. रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट से संन्यास की घोषणा की है. रोहित के संन्यास लेने के बाद से विराट कोहली के भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की अटकलें लगाई जा रही हैं. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान रोहित की अनुपस्थिति में भी बुमराह ने टूर्नामेंट के दो टेस्ट में टीम की अगुआई की जिसमें भारत ने एक-एक जीता और एक-एक हारा. इसलिए कई लोगों ने सोचा कि बुमराह भारत के कप्तान बनने वाले अगले व्यक्ति होंगे लेकिन पीठ की चोट के कारण उन्हें तीन महीने तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहना पड़ा जिसमें एक आईसीसी टूर्नामेंट भी शामिल है।

# वरिष्ठ पत्रकार स्व.जयकिशन शर्मा पत्रकारिता सम्मान समारोह 26 को



**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रदेश की पत्रकारिता में अपना नाम रोशन करने वाले स्व. जयकिशन शर्मा की 15 वीं पुण्यतिथि 26 मई 2025 सोमवार को है। उनके नाम से पत्रकारिता सम्मान समारोह का आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 मई सोमवार को मातोश्री होटल ग्वालियर वायपास रोड़ पर सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। श्री शर्मा की पुण्यतिथि पर पत्रकारिता सम्मान,विचार गोष्ठी के साथ सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करनें वाले लोगों का सम्मान भी किया जाएगा। स्व. जयकिशन शर्मा की पत्रकारिता एक जुझारूपन, कुशल लेखनी के लिए जानी पहचानी जाती थी। वरिष्ठ पत्रकार स्व. शर्मा का 26 मई 2010 को लम्बी बीमारी के कारण अल्प आयु में निधन हो गया था। उनके पत्रकारिता जीवन की यादों को नियमित रूप से संजोए रखने के लिए उनके पुत्र लालू शर्मा एवं पत्रकारों द्वारा प्रत्येक वर्ष उनकी पुण्य तिथि पर पत्रकारिता सम्मान के साथ सामाजिक एवं कई अनेक आयोजन किए जाते हैं। पत्रकारिता सम्मान समारोह के आयोजन में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, पत्रकारों के साथ अनेक गणमान्य नागरिक, शामिल होगे। स्व. श्री शर्मा के पुत्र लालू शर्मा पत्रकार ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

# दिनारा पुलिस ने 3.13 किलो गांजे के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार, बाइक जब्त



**शिवपुरी ब्यूरो।** दिनारा थाना पुलिस ने झांसी-शिवपुरी हाईवे पर भगवती मैरिज गार्डन के पास से दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 3 किलो 130 ग्राम गांजा और एक बाइक सहित 1 लाख 21 हजार 679 रुपए का माल जब्त किया है। पकड़े गए आरोपियों में दतिया जिले के कटीली गांव का उदय सिंह कुशवाहा उम्र 34 वर्ष और जोहरया गांव का अनुरुद्ध उर्फ ध्रुव यादव उम्र 19 वर्ष शामिल हैं। उदय सिंह से 1 किलो 613 ग्राम गांजा और 90 हजार रुपए की एक मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 32 एमसी 1887 जब्त की गई। अनुरुद्ध से 1 किलो 517 ग्राम गांजा बरामद हुआ। थाना प्रभारी अमित चतुर्वेदी के बताया कि आरोपी यह गांजा शिवपुरी जिले में बेचने की योजना बना रहे थे। एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी दिनारा उनि अमित चतुर्वेदी, सउनि सोवरन सिंह सिसोदिया, प्र.आर. सेवाराम पाण्डेय, आर. अरविन्द मांझी, आर. आशीष शर्मा, आर. नंदकिशोर शर्मा, आर. विकास दुबे, आर. चालक मनीष गोस्वामी, सैनिक विशाल शर्मा की सहानीय भूमिका रही।

# सोशल मीडिया पर कांग्रेस नेता को पीएम मोदी के विरूद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी पड़ी महंगी

## पुलिस ने भाजपा नेता की शिकायत पर मामला किया दर्ज

**शिवपुरी ब्यूरो।** खनियांधाना भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक यादव की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक विवेक पाण्डेय के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरूद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सुरेश शर्मा ने बताया कि मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 195 (1) और 353 के तहत कायमी की गई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपी पर जल्द कार्यवाही की जाएगी।

फरियादी भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक यादव ने बताया कि 10 मई की रात को फेसबुक पर भूपेन्द्र खरे ने पाकिस्तान की गोलीबारी और भारत की जवाबी कार्यवाही को लेकर एक पोस्ट सांझा की थी। इस पोस्ट पर आरोपी युवक विनोद पाण्डेय जो कि कांग्रेस नेता है ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ नीच जैसे आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया। फरियादी ने शिकायत के साथ युवक की फेसबुक पोस्ट का लिंक और स्क्रीन शॉट भी पुलिस को सौंपा

# जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस के ड्राइवर ने खुलेआम वसूले 800 रुपए, वीडियो आया सामने

## बिना अनुमति एम्बुलेंस को दूसरे ब्लॉक में ले गया



**शिवपुरी ब्यूरो।** स्वास्थ्य विभाग में जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस सेवा को लेकर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। करैरा ब्लॉक की एक प्रसूता को बिना अनुमति दूसरे ब्लॉक की एंबुलेंस से ले जाया गया और ड्राइवर ने खुलेआम 800 रुपए रिश्वत वसूल लिए। मामले का खुलासा तब हुआ जब परिजनों ने पैसे देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यह मामला सामने आने के बाद सीएमएचओ डॉ. संजय ऋषिश्वर ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

जानकारी के अनुसार करैरा ब्लॉक के ग्राम राजगढ़ निवासी शीला झा उम्र 22 वर्ष ने 10 मई को जिला अस्पताल में सीजर डिलीवरी से बच्ची को जन्म दिया था। उन्हें दोपहर 3 बजे छुट्टी दे दी गई, लेकिन प्रसूता और उसके परिजन रातभर अस्पताल परिसर में एम्बुलेंस का इंतजार करते रहे। 11 मई की सुबह जब कोई व्यवस्था नहीं हुई, तो अस्पताल परिसर में खड़ी जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस क्रमांक सीजी 04 एनआर 9465 के चालक से बात की गई। चालक ने एम्बुलेंस को शिवपुरी ब्लॉक की बताते हुए करैरा ब्लॉक के राजगढ़ ले जाने के बदले 800 रुपए मांगे। मजबूरी में परिजनों ने सौदा स्वीकार कर लिया और करीब 9ः30 बजे एम्बुलेंस गांव पहुंची। वहां चालक ने खुलेआम 500 रुपए नकद और 300 रुपए ऑनलाइन फोन-पे से ले लिए। इसके बाद परिजनों ने पूरे लेनदेन का वीडियो वायरल कर दिया। स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन के अनुसार जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस सेवा जिले के हर ब्लॉक में निर्धारित है। किसी भी प्रसूता को लाने-ले जाने की जिम्मेदारी उसी ब्लॉक की एम्बुलेंस की होती है। यदि किसी विशेष परिस्थिति में एम्बुलेंस को दूसरे ब्लॉक भेजना हो, तो इसके लिए जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी यानी सीएमएचओ से अनुमति लेना अनिवार्य होता है। बिना अनुमति एम्बुलेंस दूसरे ब्लॉक नहीं जा सकती। इस पूरे मामले में सबसे गंभीर लापरवाही यह सामने आई कि जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस को एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक बिना सीएमएचओ की अनुमति भेजा गया। सिविल सर्जन भी इस बात से हैरान हैं कि ड्राइवर ने यह कदम किसके कहने पर उठाया।

**सीएमएचओ ने दिए जांच के आदेश, टीम गठित**

सीएमएचओ डॉ. संजय ऋषिश्वर ने बताया कि नियम अनुसार एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक में एम्बुलेंस भेजने से पहले उनकी अनुमति अनिवार्य है, लेकिन इस मामले में कोई अनुमति नहीं ली गई। साथ ही ड्राइवर द्वारा अवैध रूप से पैसे वसूलने का वीडियो भी सामने आया है। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए गए हैं। विशेष टीम यह भी जांच रही है कि ड्राइवर ने यह कदम स्वयं उठाया या उसे किसी ने ऐसा करने को कहा। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग की जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस में ट्रैकिंग सिस्टम के लिए जीपीएस भी लगा रहता है। इस जीपीएस सिस्टम के जरिए भोपाल में बनाए गए कंट्रोल रूम से प्रदेश की हर एक जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस को ट्रैक किया जाता है। इस मामले में यह भी खास बात है कि एम्बुलेंस जिला मुख्यालय अपने ब्लॉक से करेरा ब्लॉक में नियम विरुद्ध पहुंच गई इसके बावजूद भोपाल का कंट्रोल रूम बिना कॉल के गांव पहुंची एम्बुलेंस को ट्रैक नहीं कर सकी।

# प्रेमिका ने नए प्रेमी के साथ मिलकर युवक को खिलाया जहर, हुई मौत

## मृत्यु पूर्व बयान में बताया कि उसकी प्रेमिका सपना ने इंदू के साथ मिलकर खिलाया था उसे जहर



**शिवपुरी ब्यूरो।** ट्रक ड्रायवर मिथुन चंदेल की कल रात जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मरने से पहले मिथुन ने अपने मृत्यु पूर्व बयान में बताया था कि उसकी प्रेमिका सपना जाटव ने उसके नए प्रेमी इंदू चंदेल तथा उनके सहयोगियों के साथ मिलकर उसे जबर्दस्ती जहर खिला दिया था। घटना के बाद से प्रेमिका फरार हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के बयान और परिजनों की शिकायत के आधार पर सपना, इंदु और अन्य आरोपियों के खिलाफ हत्या की साजिश का मामला दर्ज किया जा सकता है।

मृतक मिथुन पेशे से ट्रक ड्रायवर हैं और वह मूल रूप से चंदेरी का रहने वाला है। लेकिन वर्तमान में वह शिवपुरी के रन्नौद थाना क्षेत्र के वेदमऊ गांव में रहता है। पिछले दिनों से वह सपना नामक युवती के साथ पति की तरह रहने लगा था। सपना को उसके पहले पति ने छोड़ दिया था और जब उसकी मुलाकात मिथुन से हुई तो वह उसके साथ कोलारस आकर किराये के मकान में रहने लगी। मिथुन की माँ मसला चंदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि जब मिथुन ट्रक लेकर बाहर चला गया था। इसी दौरान सपना ने मिथुन के मामा के लड़के इंदू चंदेल से बातचीत शुरू कर दी और धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढने़ लगीं। इसके बाद सपना ने मिथुन से दूरी बना ली। इंदू ने पहले पति को छोडने़ के बाद वह किसी अन्य युवक के साथ अशोकनगर में पत्नि की तरह रहने लगी। इसके बाद इंदू की इंस्टाग्राम पर मिथुन के साथ दोस्ती हो गई और इंदू उस युवक को छोड़कर मिथुन के साथ पत्नि की तरह रहने लगी। सपना मूल रूप से उ.प्र. की रहने वाली है। मृतक की मां मसला चंदेल ने बताया कि जब बेटा ट्रक से लौटा तो सपना उसे बहाने से कोलारस के जगतपुर क्षेत्र में ले गई। वहां पहले से मौजूद इंदु चंदेल और उसके साथी भी थे। मिथुन ने बताया कि इन लोगों ने मिलकर जबरन उसे जहर पिला दिया और मौके से फरार हो गए।

जहर खाने के बाद मिथुन किसी तरह वहां से निकला और घर पहुंचकर परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। परिजन उसे तत्काल कोलारस के स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां उसने बयान में सपना, इंदु और अन्य के नाम लिए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रविवार रात उसकी मौत हो गई।

# माय भारत ने युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन के लिए आमंत्रित किया

**शिवपुरी ब्यूरो।** माय भारत युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार, सक्रिय रूप से देश भर के युवाओं को माय भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकन के लिए प्रेरित कर रही है। माय भारत पेट्रोल पर रजिस्ट्रेशन कर यह राष्ट्रव्यापी आह्वान युवा नागरिकों को राष्ट्रीय हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के एक ठोस प्रयास का हिस्सा है। नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी के उपनिदेशक माय भारत विनोद चतुर्वेदी ने बताया कि खासकर आपात स्थितियों और संकट के दौरान। इस पहल का उद्देश्य एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित, उत्तरदायी और लचीला स्वयंसेवी बल तैयार करना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित स्थितियों के समय नागरिक प्रशासन की मदद कर सके। वर्तमान परिदृश्य और उभरती सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए, एक मजबूत, समुदाय-आधारित प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करने की तत्काल और बढ़ती आवश्यकता है। नागरिक रक्षा स्वयंसेवक स्थानीय अधिकारियों को विभिन्न प्रकार की सेवाओं के माध्यम से समर्थन देकर इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें बचाव और निकासी अभियान, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा प्रतिक्रिया और पुनर्वास प्रयासों में सहायता करना शामिल है। एक तैयार और प्रशिक्षित नागरिक बल का महत्व पहले से कहीं अधिक है, और माय भारत इस राष्ट्रीय मिशन में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए माय भारत अपने युवा स्वयंसेवकों के गतिशील नेटवर्क और अन्य सभी उत्साही युवा नागरिकों से अपील करता है कि वे आगे आएं और माय भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में पंजीकरण करें। मौजूदा माय भारत स्वयंसेवक और नए व्यक्ति जो इस क्षमता में राष्ट्र की सेवा करना चाहते हैं, वे शामिल हो सकते हैं।

# वाहन चालक छात्र से अभद्रता और वसूली के आरोप में आरक्षक निलंबित

## वीडियो वायरल होने के बाद की कार्रवाई



**शिवपुरी ब्यूरो।** करैरा थाने में पदस्थ आरक्षक मलखान सिंह गुर्जर को एसपी अमन सिंह राठौड़ ने तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। आरक्षक पर वाहन चैकिंग के दौरान बाइक चालकों से अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर रूपए मांगने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिस पर एसपी ने आरक्षक के इस बर्ताव को सेवा नियमों का उल्लंघन माना और उसे निलम्बित कर दिया।

करैरा थाना क्षेत्र के चिनौद रोड पर कृष्णा दावा के पास टीला बड़ोरा निवासी छात्र साहिल जाटव बाइक से जा रहा था। करैरा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान साहिल समेत कई बाइक सवारों को रोका। चालान काटने की बात कहकर पैसों की मांग की गई। छात्र के पास पैसे नहीं होने पर आरक्षक ने उससे अभद्रता की और गालियां दीं। मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने यह घटना रिकॉर्ड कर ली। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस की छवि को नुकसान पहुंचा। एसपी ने मामले का संज्ञान लेते हुए तुरंत कार्रवाई की। निलंबन आदेश में कहा गया है कि वायरल वीडियो में आरक्षक का आचरण सेवा नियमों का उल्लंघन और संदिग्ध पाया गया। निलंबन अवधि में आरक्षक का मुख्यालय रक्षित केंद्र शिवपुरी रहेगा। उसे नियमानुसार निर्वाह भत्ता मिलेगा।

# टीएल बैठक 13 मई को

**मुरैना,कांस।** कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना की अध्यक्षता में टीएल बैठक 13 मई को अपराह्न 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित होगी। बैठक में समस्त अधिकारी समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# युवक पर खुलेआम तलवारों और लाठियों से बदमाशों ने किया हमला

## हमले का वीडियो हुआ वायरल, शहर में लगातार बढ़ रहा है गुण्डों और असमाजिक तत्वों का आतंक



**शिवपुरी ब्यूरो।** शहर में लगातार लूटपाट, गुण्डागर्दी तथा असमाजिक तत्वों के आतंक से जनजीवन भयाक्रांत होता जा रहा है। आए दिन शहर में इस तरह की घटनाऐं घटित हो रही है। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि शहर की कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है और गुण्डे बेखौफ होकर अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। कल शहर की कॉलोनी नमोनगर में दिन दहाड़े एक युवक पर हथियारों से लैस असमाजिक तत्वों ने हमला बोला और उसे बुरी तरह से लहुलूहान कर दिया। इसके बाद चारों गुण्डे आराम से वहां से भाग गए। घटना का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिससे शहर में गुण्डों का बढ़ता आतंक स्पष्ट रूप से जाहिर हो रहा है। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से ऐसे गुण्डे बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है तथा कहा है कि उनका सार्वजनिक रूप से जुलूस निकाला जाए।

फरियादी अर्पित धाकड़ ने बताया कि मैं नमोनगर का रहने वाला हूं। कल दोपहर में अपने जीजा जी के साथ गाड़ी से ग्वालियर वायपास से घर लौट रहा था। उसी दौरान कार में सवार चार युवको ने जो कि नशे में धुत्त थे ने मेरी गाड़ी के सामने अपनी गाड़ी अड़ा दी और मुझे गंदी-गंदी गालियां दी। मैने जब उन्हें गाली देने से रोका तो वह वहां से चले गए लेकिन शाम को जब मैं कॉलोनी में स्थित एक गुमटी के पास आया हुआ था और लघु शंका कर रहा था उसी दौरान पीछे से आए एक युवक ने मेरे सिर पर जोर से लाठी मारी। मैने जब लाठी पकड़ी तो उस युवक ने उसके पास मौजूद तलबार से उसके हाथ पर जोर से प्रहार किया जिससे उसका हाथ बुरी तरह लहुलुहान हो गया और उसके हाथ में 14 टांके आए। अर्पित धाकड़ के साथ मौजूद उसके बड़े भाई ने किसी तरह अर्पित को आरोपियों के हाथ से बचाया। इसके बाद आरोपीगण गालियां देते हुए और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। फरियादी ने बताया कि आरोपियों के पास नीले रंग की अल्टो गाड़ी थी और मैं आरोपियों में से किसी को नहीं पहचानता। लेकिन पुलिस यदि उन्हें पकड़ेगी तो मैं उनकी पहचान कर लूंगा।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

## बिजली, पानी, चिकित्सा जैसी बुनियादी सेवाएं मिलें सतत्-डीएम




**धौलपुर ब्यूरो।** बिजली, पानी, चिकित्सा सहित अन्य प्रमुख बिन्दुओं की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता मे जिला कलक्ट्रेट के सभाकक्ष में हुआ। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल की नियमित आपूर्ति सुचारू रखने एवं मौजूदा कार्यो में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शनों के खिलाफ नियमित अभियान चलाएं तथा नवीन कनेक्शनों को समय पर जारी करें। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का समय पर निरीक्षण कर फीडबैक लेने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत निगम को जिले में सभी जलस्त्रोतों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखने नवीन ट्यूबवैलों पर समय पर कनेक्शन करने और आम उपभोक्ताओं की समस्या के निस्तारण हेतु निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने से विद्युत सप्लाई में व्यवधान आने पर शीघ्र दुरूस्त कराई जाये। उन्होंने ढीले तारों को टीम बनाकर कर ठीक कराने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर परिषद को शहर में सीवरेज, ब्लॉकेज एवं ओवरफ्लो की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले में बजट घोषणाओं के तहत विभिन्न कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना से कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता से निराकरण करना सुनिश्चत करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभाग नियमित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कर आमजन को राहत प्रदान करें। जिला कलक्टर ने चिकित्सा विभाग को नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखकर समस्याओं का निराकरण करने, प्रत्येक चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिधत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में सभी स्टॉफ संवेदनशीलता से कार्य कर समय की पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागों को बजट घोषणाओं को प्रगति की समीक्षा कर समयबद्ध धरातल पर साकार करने के निर्देश दिए। बैठक में उपखण्ड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायतों के रिक्त हुए वार्ड पंच तथा नगर परिषद के रिक्त सदस्य के उपचुनाव हुए स्थगित

**धौलपुर ब्यूरो।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायतीराज संस्थाओं के उपचुनाव माह मई 2025 के अन्तर्गत पंचायत समिति सैपऊ की ग्राम पंचायत मढ़ाकांकोली के वार्ड संख्या 8 एवं पंचायत समिति बाड़ी की ग्राम पंचायत मत्सूरा के वार्ड संख्या 9 में वार्ड पंच एवं उपसरपंच तथा नगर परिषद धौलपुर के वार्ड संख्या 53 के सदस्य के रिक्त पद पर उपचुनाव किए जाने थे। जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत श्रीनिधि बी टी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर तनाव के मध्यनजर सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए उपचुनाव कार्यक्रम को प्रत्याहरित किया गया है।

# मैं तुर्किए में पुतिन से मिलने को इच्छुक : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए चर्चा करने की इच्छा व्यक्त की। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से यूक्रेन से रूसी राष्ट्रपति पुतिन द्वारा प्रस्तावित वार्ता पर तुरंत सहमत होने के तुरंत बाद आया। यह चर्चा 15 मई को तुर्की में हो सकती है।

जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, यहां यूक्रेन में, हमें बातचीत में शामिल होने में कोई समस्या नहीं है, हम तैयार हैं। मैं इस गुरुवार 15 मई को तुर्किये में रहूंगा और मुझे उम्मीद है कि पुतिन भी तुर्किये आएंगे। मुझे उम्मीद है कि इस बार पुतिन बहाने नहीं ढूंढेंगे कि वे क्यों नहीं आ सकते। हम बातचीत करने, इस युद्ध को समाप्त करने के लिए तैयार हैं। इससे पहले रविवार को क्रेमलिन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए पुतिन ने कीव अधिकारियों को बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी वार्ता फिर से शुरू करने का प्रस्ताव दिया, जिसे यूक्रेन ने 2022 में बाधित कर दिया था।

# भाजपा नगर मंडल शिवपुरी के आईटी सेल प्रभारी बने प्रदीप राठौर, मिलीं बधाईयां



**शिवपुरी ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी शिवपुरी के जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव की सहमति से भाजपा शिवपुरी नगर मंडल अध्यक्ष विपुल जैमिनी के द्वारा नगर मंडल के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें आईटी सेल प्रभारी के पद का दायित्व प्रदीप राठौर को दिया गया है। नवनियुक्त आईटी सेल प्रभारी प्रदीप राठौर ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सहित भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव, शिवपुरी नगर मंडल अध्यक्ष विपुल जैमिनी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसे मैं पूर्णतः ईमानदारी और मेहनत से निर्वाह करूंगा। पार्टी की रीति नीति तथा विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा। प्रदीप राठौर को शिवपुरी नगर मंडल आईटी सेल प्रभारी बनाए जाने पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित उनके शुभचिंतकों, मित्रों ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# जनअभियान परिषद द्वारा जगत गुरु शंकराचार्य की जयंती पर व्याख्यान माला का आयोजन किया



**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड अम्बाह, जिला मुरैना के तत्वावधान में शासकीय उत्कृष्ट उ. मा. विद्यालय अंबाह के सभागार में गुरु आदि शंकराचार्य जी के 1237 वीं जन्म जयंती के अवसर पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र खटीक सदस्य जिला पंचायत मुरैना ने की कार्यक्रम के मुख्यवक्ता सतीश सिंह तोमर जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद थे तथा मुख्य अतिथि सुरेन्द्र छारी वरिस्ठ समाजसेवी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी डा. लाल सिंह किरार उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन प्रेमदीप कुलश्रेष्ठ द्वारा किया गया तथा आभार विकासखंड समन्वयक रामकेश सिंह सिकरवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेन्द्र ने आधुनिक भारत में जगत गुरु शंकराचार्य जी के अवधारणा एवं सद प्रयासों पर अपना व्याख्यान दिया। वीरेंद्र जी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में स्वामी जी के जीवन दर्शन की भारतीय संस्कृति में उपादेयता एवं उनके कार्य क्षेत्र नर्मदा के पावन तट पर प्रतिष्ठित ओंकारेश्वर धाम के चमत्कारिक प्रभाव एवं प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन करते हुए भारतीय नागरिकों में मानव मूल्य एवं अनुशासन के महत्त्व को रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथी डा. लाल सिंह जी ने वेदांत और भारतीय दर्शन के महत्व एवं प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुख्यवक्ता सतीश सिंह जी ने जगतगुरु जी के जीवन वृतांत सन्यास साधना एवं सामाजिक समरसता के साथ-साथ समुन्नत राष्ट्र के निर्माण में उन के महती प्रयास को याद कर सबको आत्मसात करने का आह्वान किया। विषय प्रवर्तन के क्रम में शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन एवं वर्तमान समाज में उसकी प्रासंगिकता पर विषद प्रकाश डालते हुए विश्वमंच पर एक विकसित और समृद्ध भारत के परिकल्पना को मूर्त रूप देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में गिरिजाशंकर शर्मा, राधाचरण तोमर, सुशील छारी, भीमसेन सिंह तोमर, धर्मेन्द्र सिंह तोमर अतिवल सिंह तोमर आनंद तोमर पल्लवी शर्मा कुलदीप शर्मा आरती गुर्जर ने भी अपने विचार रखे कार्यक्रम मे प्रस्फुटन समितियों सदस्य तथा ष्ढ्ष्यस्त्रश्च के छात्र छात्राये उपस्थित थे।

# आपदा नियंत्रण हेतु पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई




(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** एसडीएम सबलगढ़ श्री अरविंद माहौर द्वारा सोमवार को एसडीएम कार्यालय सबलगढ़ में सिविल डिफेंस और आपदा नियंत्रण हेतु पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।जिसमें सबलगढ़ अनुभाग के अंतर्गत सबलगढ़ और कैलारस विकासखण्ड के समस्त अधिकारियों और थाना प्रभारी मौजूद रहे।बैठक में आपदा प्रबंधन से सम्बंधित हिदायत अधिकारियों को दी। उसके बाद दोनों विकासखंड के लिए सबलगढ़ पी जी कॉलेज में समस्त फील्ड स्टाफ के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

# समाज में समरसता समानता का भाव जागृत करने के लिए शंकराचार्य के संदेश को घर-घर पहुंचाएं : सुरेश शर्मा



**कैलारस ।** 11 मई 2025 – भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के महान दार्शनिक, आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती के पावन अवसर पर जन अभियान परिषद, विकासखंड पहाड़गढ़ द्वारा एक विचारगोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जनजागरूकता का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट बालक उच्चतर माध्यमित विद्यालय कैलारस में बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं शंकराचार्य जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अध्यात्म विचारक सुरेश शर्मा उपस्थित रहे। जिन्होंने

**विचारगोष्ठी :** इसमें वक्ताओं ने आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन, उनके द्वारा प्रतिपादित अद्वैत वेदांत सिद्धांत, देशभर में स्थापित चार पीठों एवं समाज सुधार में उनके योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि शंकराचार्य जी ने केवल 32 वर्ष की आयु में पूरे भारतवर्ष में ज्ञान, भक्ति और वैराग्य की ज्योति प्रज्वलित की। समाज सेवी लल्ला सिंह सिकरवार पतंजलि सेवा केंद्र द्वारा भी युवा जागरूकता- कार्यक्रम में युवाओं को भारतीय दर्शन, वेदांत और नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा शंकराचार्य जी के श्लोकों एवं स्तोत्रों का उच्चारण किया गया।

**स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता :** इस अवसर पर जल संरक्षण पर शपथ दिलाई एवं पौधारोपण अभियान भी चलाया गया, जिसमें विकासखंड के ग्राम विकास कार्यकर्ता, नवाचारकर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**उल्लेखनीय उपस्थिति :** कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के खण्ड समन्वयक अलकेश सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र सिंह परिहार, समाजसेवी नवांकुर संस्था सुजानगढ़ी अध्यक्ष उदय सिंह धाकड़,नवांकुर संस्था धूरकुडा अध्यक्ष रामनिवास धाकड़ एवं परामर्शदाता अजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, जितेंद्र धाकड़, धर्म सिंह कुशवाह, शत्रुघ्न धाकड़ एवं सभी छात्र सम्मिलित रहे !

**कार्यक्रम का संचालन उदय सिंह धाकड़ द्वारा किया गया**

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए श्री विकासखंड समन्वयक अलकेश सिंह ने कहा कि ÷शंकराचार्य जी का जीवन आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने और भारतीय संस्कृति के प्रति गौरवबोध जगाने का कार्य करते हैं।

# ग्राम महटोली तालाब के बंड पर सफाई कार्यक्रम किया गया



**मुरैना,कांस।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संसाधन संभाग मुरैना के अधीन जल संसाधन ए.बी.सी. उप संभाग क्र. 3 मुरैना के विभागीय श्रमिकों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा 11 मई को जल गंगा संवर्धन अभियान-2025 के अंतर्गत महटोली तालाब के बंड पर साफ सफाई का कार्य जन भागीदारी/जन सहयोग से किया गया। तथा सभी ने एक जुट होकर श्रमदान किया।

# टैंटरा पुलिस ने 7 पेटी अवैध शराब तस्कर गिरफ्तार




**मुरैना,कांस।** पुलिस अधीक्षक मुरैना द्वारा अवैध मादक पदार्थो शराब की तस्करी एवं बिक्री करने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु संपूर्ण मुरैना जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त अभियान के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना श्री सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं श्री बी.पी. तिवारी एसडीओपी सबलगढ़ के मार्गदर्शन में थाना टेंटरा पुलिस द्वारा 01 आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 07 अवैध देशी शराब कीमती करीबन 35,000/- रूपये की जब्त की गई। दिनांक 12.05.2025 को उनि सुखदेव सिंह चौहान, थाना प्रभारी टेंटरा को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि जवाहरगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने अपने घर पर अवैध शराब बेचने के उद्देश्य से रखता है एवं उक्त आरोपी ने भैरो बाबा मंदिर ग्राम गजधार का पुरा के पास शराब छुपाकर कहीं रखी है, मुखबिर की उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना टेंटरा पुलिस द्वारा मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहुंचकर दबिश देकर आरोपी पकड़कर आस-पास तलाशी ली गई तो वहां पर 07 पेटी देशी शराब कीमती करीबन 35,000/- रुपये की रखी मिली, जिसके संबंध में कोई दस्तावेज आदि उपलब्ध न होने पर मौके पर से उक्त अवैध शराब को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 61/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त गिरपतारशुदा आरोपी रघुवीर पुत्र बनवारी धानुक के विरूद्ध पूर्व से भी 07 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। गिरफ्तारशुदा आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल दाखिल किया गया।

# जनकल्याण के लिए अखण्ड रामायण तथा भण्डारे आयोजित





**झुण्डपुरा।** घटा वाले हनुमान सेवा समिति झुण्डपुरा द्वारा घटा वाले हनुमान मन्दिर पर 11मई से अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन हुआ सोमवार सुबह से हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसकी - तैयारियां भव्य स्तर पर की गई थी- आयोजकों ने बताया की झुण्डपुरा की पावन धरा पर अखण्ड रामायण,सुंदरकांड के माध्यम - से भगवान श्री राम हनुमान जी से जगत - कल्याण की कामना की गई तथा देश की सुरक्षा करने वाले सैनिकों की कुशलता की कामना के साथ मंगल कलश पूजन भी किया गया। वहीं सिद्ध स्थल दुर्गनाथ सरकार पर भण्डार का आयोजन किया गया।

आयोजन विनोद रावत भगत जयप्रकाश रावत के अनुसार यदि किसी कार्य विशेष में तमाम प्रयासों के बाद भी सफलता नहीं मिल पा रही है तो व्यक्ति को भगवान और भगवान के प्यारे संतो की शरण में अवश्य करना चाहिए। इससे भक्त में आत्मविश्वास और इच्छाशक्ति का वर्धन होगा और समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होंगी । ज्ञातव्य हो कि झुण्डपुरा क्षेत्र में दुर्गनाथ सरकार की विशेष आस्था है बाबा की कृपादृष्टि से क्षेत्र में अतिवृष्टि अनावृष्टि नहीं होती है।

# ट्रेक्टर-कार की टक्कर में वृद्ध की मौत

**मुरैना,कांस।** दिमनी थाना क्षेत्र में ट्रेक्टर ने कार में टक्कर मार दी जिससे कार में सवार वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के क्वारी नदी के पुल के पास कार से जा रहे मनोज पुत्र राजेशराठौर उम्र 38 साल निवासी फूफ़जिला भिण्ड की कार को महेन्द्रा 575 डीआई ट्रेक्टर चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे मनोज की मौत हो गई। थाना पुलिस ने फरियादी अमित राठौर निवासी घुरघान की रिपोर्ट पर से आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इसी प्रकार एक अन्य जानकारी के अनुसार चिन्नौनी थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर यात्री प्रतीक्षालय के पास जा रहे रामदयाल पुत्र ग्यासीराम शर्मा उम्र 75 साल निवासी हुसैनपुर को कार क्रमांक एमपी06 सीए 4157 के चालक ने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही से चलाते हुए वृद्ध टक्कर मार दी जिससे वृद्ध की मौत हो गई। थाना पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

# दो वर्ष बाद बानमोर पुलिस ने किया दहेज एक्स का मामला दर्ज

**मुरैना,कांस।** पिछले करीब दो वर्षो से अपनी बेटी को साथ लेकर बेटी के ससुराली जनों के खिलाफ दहेज का मामला दर्ज कराने के लिए बानमोर पुलिस के चक्कर लगा रही एक विधवा महिला की बेटी वर्षा शिवहरे की रिपोर्ट पर से पति आशीष शिवहरे तथा ससुर श्याम बाबू शिवहरे तथा सास निर्मला देवी शिवहरे के खिलाफ धारा 498 दहेज का मामला पुलिस ने दर्ज किया है। यहां बता दें कि बिगत 22 फरवरी 2023 को विधवा महिला मीना शिवहरे ने अपनी लाडली बेटी वर्षा शिवहरे की शादी ग्वालियर लोहा मंडी निवासी श्यामबाबू शिवहरे के छोटे पुत्र आशीष शिवहरे के साथ अपनी क्षमता के अनुसार दान दहेज देकर की थी। शादी के 3 महीने बाद ही बेटी के ससुराली जनों द्वारा दहेज की मांग करते हुए वर्षा को ससुराल से निकाल दिया था। तभी से वर्षा अपनी मां के साथ रह रही थी। विगत 5 जून 2023 को पीड़ित महिला ने पुत्री को ले जाकर बानमोर पुलिस में ससुराली जनों के खिलाफ आवेदन दिया था। और तभी से उक्त महिला बानमोर पुलिस तथा महिला पुलिस थाना एवं मुरैना पुलिस अधीक्षक की जनसुनवाई चक्कर लगा रही थी।

# झगड़े मे घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

## परिजनों ने एसपी ऑफिस के सामने शव रखकर लगाया जाम



**मुरैना,कांस।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र की बिजली घर महाराजपुर रोड पर रहने वाले एक बघेली युवक की कुछ लोगों ने मारपीट कर दी जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई परिजनो ने एसपी ऑफिस के सामने सब रखकर जाम लगाकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मेरी जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की बिजली घर के पास नारायण रोड पर रहने वाले बघेल परिवार की एक युवक की सड़क पर खानदानी को लेकर विवाद हो गया इस विवाद में किरार समाज के कुछ लोगों ने उसकी लाठी डंडों परसों से मारपीट कर घायल कर दिया जिनकी उपचार के दौरान ग्वालियर में मौत हो गई गुस्साए पपरिजनो ने एसपी ऑफिस के सामने हाईवे पर सब रखकर जाम लगा दिया पुलिस ने परिजनों को समझा बूझकर हाईवे का जाम खुलवाया और कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# शराब के लिए पैसे न देने पर मारपीट

**मुरैना,कांस।** नूराबाद थाना पुलिस ने शराब के लिए पैसे न देने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम जारौनी अपने मायके में निवास करने वाली श्रीमती आयुस्वी यादव पत्नी धर्मेन्द्र उम्र 31 साल स्थायी निवासी ए ब्लॉक आनंद नगर ग्वालियर से आरोपी अंकुश यादव निवासी जारौनी, चम्पो उर्फ नरेन्द्र यादव निवासी छतरी मंडी ग्वालियर ने पीडिता से शराब के लिए पैसे मांग ने पीडिता ने शराब के लिए पैसे देने से मना कर दिया तो आरोपियो ने महिला की मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। थाना पुलिस ने पीडिता की रिपोर्ट पर से आरोपियो के खिलाफ बीएनएस की धारा 119(1),3513(5) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में 136 जोड़ों का विवाह हुआ

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**बीरपुर।** अगरा ग्राम पंचायत में सोमवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में 136 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। उपस्थित अतिथियों शिवमंगल सिंह तोमर सांसद मुरैना श्योपुर तुरसन पाल बारिया सहरिया विकास प्राधिकरण अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा परीक्षा धाकड़ भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश राठौड़ सरपंच जनपद सीईओ ऑफिसर सिंह गुर्जर सभी ने नवदम्पत्तियो को आशीर्वाद दिया।सभी जोड़ों को शासन द्वारा निर्धारित उपहार दिए गए।




# हार्वेस्टर से गिरने से मौत

**मुरैना,कांस।** बागचीनी थाना क्षेत्र के ग्राम ठेहा में सत्यवीर के खेत में हार्वेस्टर से काम कर रहे राकेश पुत्र ओमप्रकाश धानुक उ म्र 23 साल निवासी मुकुन्दपुर थाना मौहम्मद जिला खीरी हार्वेस्टर से गिरने के कारण उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस ने मौके पर पहुँच कर शव का मौका पंचनामा बनाकर शव का पोस्ट मार्डम कराकर उसे उसके परिजनो को सौपकर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**मुरैना,कांस।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के प्रेम नगर में निवास करने वाली युवती अंकिता पुत्री जगदीश जाटव उम्र 21 साल ने अपने धर के कमरे में छत के कुन्दे से फंसी का फन्दा लगाकर झूल गई जिससे उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस ने घटना की जानकारी मिलते ही शव को फन्दे से उतार कर उसका मौका पंचनामा बनाकर शव का पीएम कराकर उसे उसके परिजनो को सौपकर फरियादी जगदीश पुत्र मावसिया जाटव की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# नायब तहसीलदारों एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की लगाई ड्यूटी

**दतिया,कांस।** कलेक्टर श्री संदीप कुमार माकिन ने आदेश जारी कर पुलिस कंट्रोल रूम दतिया में डीसीडीसीसी (जिला नागरिक सुरक्षा कमान और नियंत्रण) राउण्ड द क्लॉक संचालित है। जिस हेतु निम्नुसार नायब तहसीलदारों एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की डयूटी तिथि एवं समय वार लगाई गई है। कलेक्टर श्री माकिन ने पुलिस कंट्रोल रूम में जिन नायब तहसीलदारों एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की डयूटी लगाई गई उनमें नायब तहसीलदार दतिया श्रीमती पूजा माबई 12 मई से 15 मई, 19 मई से 22 मई एवं 27 मई से 30 मई तक दोपहर 2 बजे से 9 बजे तक, नायब तहसीलदार दतिया श्री मुन्नालाल गौड़ 12 मई, 15 मई, 19 मई, 22 मई एवं 27 मई से 30 मई तक रात्रि 9 बजे से प्रातः 6 बजे तक, नायब तहसीलदार दतिया श्री शिव सिंह कोरकू 12 मई से 15 मई, 19 मई से 22 मई एवं 27 मई से 30 मई तक प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, नायब तहसीलदार दतिया श्री राजेश कुशवाहा 16 मई से 18 मई, 23 मई से 26 मई एवं 31 मई से 2 जून 2025 तक दोपहर 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक, नायव तहसीलदार दतिया श्री जगदीश घांघौरिया 16 मई से 18 मई, 23 मई से 26 मई एवं 31 मई से 2 जून 2025 तक रात्रि 9 बजे से प्रातः 6 बजे तक, नायब तहसीलदार दतिया श्री राजेश वत्स 16 मई से 18 मई, 23 मई से 26 मई एवं 31 मई से 2 जून 2025 तक प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक डयूटी रहेगी।

# प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** शहर के रामहंस पैलेस में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन पूर्व विधायक श्री सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू के मुख्यातिथ्य में किया गया,जिसमें मुख्य वक्ता सबलगढ़ के पूर्व विधायक ओजस्वी वक्ता श्री बैजनाथ कुशवाहा थे।विशिष्टअतिथि के रूप में उदयवीर सिकरवार,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह जादौन,पूर्व जिलापंचायत सदस्य कमलसिंह रावत थे।अतिथियों का स्वागत राज क्लासेज के संचालक शिवराज कुशवाह ने किया।इस समारोह में बोर्ड परीक्षा में अंग्रेजी में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया।



## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी रामबरन प्रजापति पुत्र स्व. बुद्धाराम प्रजापति निवासी काशी बाबा कॉलौनी जौरा रोड मुरैना का बडा पुत्र सूर्यप्रकाश उर्फ सूरज एवं उसकी पत्नी श्रीमती किरन जो कि उनकी शादी के उपरांत से ही अलग कर दिया था और सितम्बर 2022 में पुत्र सूर्यप्रकाश को उसके हिस्से का 250 वर्गफीट का मकान दे दिया था लेकिन कुछ समय से सूर्यप्रकाश की पत्नी जो कि अपने मायके में रह रही है वह आये दिन मेरे व्यवहारी एवं मेरे व्यवहारी की पत्नी नगमा देवी से मकान की मांग कर रही है तथा मकान न देने पर झूठे केसों में फसाने की धमकी दे रही है। मेरे व्यवहारी ने अपने पुत्र सूर्यप्रकाश एवं उसकी पत्नी किरन से सभी प्रकार के सम्बंध विच्छेद कर लिये है। तथा सम्पूर्ण चल एवं अचल सम्पत्ति से वेदखल कर दिये है। मेरे व्यवहारी, मेरे व्यवहारी की पत्नी नगमा देवी छोटा पुत्र विष्णु साथ-साथ रहते है और वे सभी लोग सूर्यप्रकाश एवं उसकी पत्नी से अलग रह रहे है। तथा अलग-अलग खान-पान व अलग-अलग रहन सहन है। भविष्य में कोई व्यक्ति, संस्था आदि सूर्यप्रकाश एवं श्रीमती किरन से कोई लेन-देन करता है तो इसकी जिम्मेदारी मेरे व्यवहारी की नही होगी।

सूचनाकर्ता
**रेजिनारायण सिंह तोमर एडवोकेट**
राठी कॉम्पलेक्स मुरैना (म.प्र.)

# भगवान बुद्ध के आदर्शों का अनुसरण करने वाला एकमात्र देश है भारत : मुख्यमंत्री

### समता मूलक समाज, प्रेम ,करुणा और सत्य की आधारशिला पर ही समाज की तरक्की संभव

### मुख्यमंत्री ने बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध को नमन कर अर्पित किये पुष्प






भोपाल ब्यूरो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान बुद्ध के जीवन से ज्ञान लेकर हम सारे भारतीय आगे बढ़ रहे हैं और विश्व बंधुत्व को अपनाते हुए प्रेम ,करुणा, सत्य, समता के भाव को आगे बढा रहे हैं। भगवान बुद्ध राज-पाट छोड़कर जब ज्ञान की खोज मे निकले थे और कठिन तप के बाद जो ज्ञान विश्व को दिया, उसका अनुसरण ही हम सबका उदेश्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि समता मूलक समाज से हम उन्नति, विकास और सबके कल्याण के मार्ग प्रशस्त कर सकते है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के अशोक बुद्ध विहार में बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भारती बौद्ध महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी को भगवान बुद्ध जयंती पर शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मप्र में सांची, बुद्ध धर्मावलंबियों के लिए महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। उनके लिए सांची आना सौभाग्य की बात है। बुद्ध सर्किट में सांची का प्रमुख स्थान है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय खगोल विज्ञान के अनुसार निर्धारित की गई तिथि, पूर्णिमा अपने आप में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध और संत रविदास जी के साथ ही अन्य बड़े संत, महात्माओं का जन्म हुआ है। पूर्णिमा पर जब चंद्रमा की 16 कलाएं पूर्ण हो जाती हैं तो एक दिव्य प्रकाश निकलता है। ऐसे महापुरुषों ने पूर्णिमा के दिन जन्म लेकर अपने ज्ञान के प्रकाश से विश्व को रौशन किया है। विश्व में भारतीय ज्ञान परंपरा ही ऐसी परंपरा है, जो ऐतिहासिक काल से लेकर वर्तमान समय तक अक्षुण्ण है। सबसे बड़ी बात है कि समाज के लिए आज भी प्रासंगिक है। 5000 साल से भी अधिक पुराने हमारे ज्ञान को आज भी कोई चैलेंज नहीं कर पाया है। भारत विश्व गुरु है, विश्व गुरु रहेगा। इस अवसर पर सांसद श्री अनिल फिरोजिया, विधायक श्री अनिल जैन कालुहेड़ा, विधायक श्री सतीश मालवीय, सभापति श्रीमति कलावती यादव, जनप्रतिनिधि श्री संजय अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## बुद्ध पूर्णिमा पर प्रभात फेरी मंडल ने गौशाला में किया भजन-कीर्तन व संत-सत्संग



**ग्वालियर,कांस** - वैशाख पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रीकृष्णायन गौशाला परिसर में बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ उल्लासपूर्वक संपन्न हुआ।लश्कर में तिघरा रोड़ के नीचे माधव नगर में प्रतिदिन प्रभात फेरी निकालने वाले उदयभान रजक एवं वहां की नारी शक्तियों की मंडली ने इस विशेष दिन पर भजन, कीर्तन और गौगाथा का गायन कर श्रद्धालुओं को भक्ति-रस में सराबोर कर दिया। गौशाला में आयोजित संत-सत्संग में स्वामी ऋषभदेवानंद जी महाराज ने भगवान बुद्ध के जीवन, दर्शन और करुणा आधारित जीवनशैली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, गौसेवा और बुद्ध का मार्ग दोनों ही 'जीव मात्र के कल्याण' की भावना को साकार करते हैं। गौमाता की सेवा, करुणा और संवेदना का जीवंत प्रतीक है, जो आज के युग में अत्यंत प्रासंगिक है। इस अवसर पर नगर के श्रद्धालु, युवा स्वयंसेवक, महिला मंडल तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्वामी जी के चरणों में प्रणाम करते हुए सभी नारी शक्तियां आनंद से भर गई और उन्होंने सुंदर-सुंदर भजन सुनाए इसके बाद वहां का वातावरण खुशहाली एवं आनंद से भर गया जो गौशाला तीर्थ स्थान की पहचान बन गया है, कार्यक्रम का समापन पारंपरिक गौपूजन और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का जाना हालचाल, बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरो को दिए आवश्यक निर्देश

### तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों पर भालू ने किया था हमला

**रायपुर/कवर्धा, कासं.।** कबीरधाम जिले के ग्राम थुवापानी के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ाई के दौरान ग्रामीणों पर दो भालुओं ने अचानक हमला कर दिया, जिससे चार ग्रामीण घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा तत्काल जिला अस्पताल कवर्धा पहुंचे और घायलों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, खिलेश्वर साहू, रामप्रसाद बघेल, मोहन ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने डॉक्टरों को घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों और उनके परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने वन विभाग और स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जाए। वन विभाग द्वारा तत्काल राहत के तौर पर घायलों को सहायता राशि प्रदान की गई है। घायलों में ग्राम बाघूटोला निवासी श्री सुखराम पटेल, उमेंद पटेल, ग्राम चिखली निवासी फूल बाई और ग्राम दियाबार निवासी राजमती शामिल हैं। इन सभी को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा उनका इलाज जारी है। एक ग्रामीण को रायपुर रेफर किया गया है।

## विश्व रेड क्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर लगाने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया



**ग्वालियर कांस** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर समाज सेवा के क्षेत्र में रक्तदान शिविर लगाने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया गया यह ब्लड केंसर थैलीसीमिया डायलिसिस प्रसव पीड़ित एक्सीडेंट के अन्य गंभीर मरीजो की निःस्वार्थ मदद के लिए रेडक्रॉस सोसायटी ग्वालियर ब्लड बैंक को सहयोग करने के लिए रेडक्रोस ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान ने जे के टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड बानमोर मुरैना टेवा ए पी इंडिया लिमिटेड मालनपुर जूनियर चेम्बर इंटर नेशनल जेसी आई मंडल 6 को 2024 के कार्यों के लिए सम्मानित किया गया रोटरी क्लब डबरा शुगर सिटी एम आई टी एस ग्वालियरप्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च ग्वालियर यह सभी संस्थाए लंबे समय से निरन्तर लगभग 10 से 12 वर्षों से रेडक्रॉस सोसायटी ग्वालियर को शिविर लगाकर रक्त प्रदान कर रही है । यह अपना महत्वपूर्ण योगदान कर रही है । इन संस्थाओं में कार्यरत अमित पचौरी विष्णु बांदिल एस पी पाण्डेय, अनमोल सिंह सुधीर त्रिपाठी आनन्द मिश्रा मनीष सागर अभय दुबे रोटेरियन संजय नीखरा रोटेरियन सुनील ग्रोवर सभी का रेडक्रोस सोसायटी की तरफ से मुख्यातिथि संभाग आयुक्त श्री मनोज खत्री, श्रीमती रुचिका चौहान जिलाधीश ग्वालियर महोदया,कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के कुलगुरु डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला एवं रेड क्रॉस सोसायटी ग्वालियर के चेयरमैन सर्वजीत ज्ञानी सचिव नवल किशोर शुक्ला द्वारा सभी संस्थाओं से पधारे उपस्थित लोगो को सम्मानित किया सचिव नवल किशोर शुक्ला के मार्गदर्शन में पूरे वर्ष में रेडक्रोस सोसायटी ग्वालियर से 13276 लोगो रक्त उपलब्ध करवा कर शानदार कार्य किया ।

संभागीय आयुक्त मनोज खत्री ने कहा रेड्क्रोस सोसायटी के माध्यम से सेवा दया सहांनभूति के साथ जरूरत मदद लोगों की मदद करना हमारी जिम्मेदारी है । पीड़ित लोगों की समय पर मदद करे सम्मानित सभी संस्थाओं की प्रसंशा करते हुए बधाई दी

# साधु, संत और श्रद्धालुओं की आस्था को सर्वोपरि रख करें सिंहस्थ 2028 के सभी कार्य : मुख्यमंत्री

### सिंहसथ-2028 में श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए संपूर्ण मेला क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाकर किया जा रहा यातायात सुगम

### मुख्यमंत्री ने उज्जैन में सिंहस्थ के कार्यों की समीक्षा की



भोपाल ब्यूरो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि की 2018 की तैयारी में साधु संत और श्रद्धालुओं की भावनाओं को सर्वोपरि रखकर कार्य योजना को पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिंहस्थ - 2028 के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन कलेक्टर कार्यालय सभागृह में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्य योजना की जानकारी ले कर कहा कि सभी कार्य समय सीमा में गुणवत्ता और मापदंडों के अनुसार हो। सभी कार्यों में समस्त निर्माण एजेंसियां समन्वय बनाकर कार्य करे जिससे श्रद्धालुओं को सिंहस्थ-2028 का अनुभव आस्थामय,भव्य और अलौकिक हो। सिंहस्थ निर्माण कार्यों में शहर के आसपास सड़कों का जाल बिछाकर यातायात सुगम किया जा रहा है।श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए संपूर्ण मेला क्षेत्र की कनेक्टविटी 4 लेन और 6 लेन मार्गो से की जा रही है। सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे आवश्यक मार्ग चौड़ीकरण के कार्यों में सभी गणमान्य नागरिकों का भी विशेष ध्यान रख कार्य करे। आवश्यक मार्गो पर एलिवेटेड ब्रिज बनाए जाएंगे जिससे नीचे व्यापार प्रभावित ना हो और ट्रैफिक भी सुचारू रूप से चल सके।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि सभी सिंहस्थ कार्यों की मॉनिटरिंग आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल कर करे जिससे कार्य की भौतिक प्रगति के साथ कार्य की गुणवत्ता का आंकलन भी हो सके। सिंहस्थ-2028 अंतर्गत रेलवे से समन्वय बनाकर शासन के सभी आवश्यक विभाग इंटीग्रेटेड कार्य योजना बनाए जिससे श्रद्धालुओं का आवागमन सुव्यवस्थित रूप से हो सके। उन्होंने केंद्रीय की आवश्यकता मदद की आवश्यकता होने पर केन्द्र सरकार संबंधित सभी महत्वपूर्ण कार्यों की सूची बनाने के निर्देश दिए।

## उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने मंदसौर के नारायणगढ़ में 2 करोड़ 32 लाख के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

भोपाल ब्यूरो।



उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने मंदसौर जिले के मल्हारगढ विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में 2करोड़ 32 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। विकास कार्यों की गति प्रदान करने के उद्देश्य से एक करोड़ की लागत से निर्मित नगर परिषद नारायणगढ़ के नवीन कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि नगर परिषद भवन का नाम सुदर्शन नाम रखा जाएगा। इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि मल्हारगढ़ सूक्ष्म सिंचाई परियोजना से हर खेत को सिंचाई के लिए पानी एवं हर गांव में पीने के पानी की सुविधा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने खजूरी गोड़ में अस्पताल के लिए जमीन दान करने वाले दानदाताओं का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि खजूरी गोड़ में मांगलिक भवन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने गांधी सागर का पानी खेतों में लाने का काम किया है। जिस पर लगातार काम चल रहा है। जिससे अब किसान 1 साल में तीन बार फसल ले सकेंगे। एक समय था जब किसान सिंचाई और बिजली के लिए परेशान था लेकिन अब बिजली 24 घंटे मिल रही है। सिंचाई के लिए बड़ी-बड़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाएं बन रही है। सरकार ने आयुष्मान कार्ड योजना चलाई, जिससे गरीब व्यक्ति की संकट के समय मदद की है, जिससे हर परिवार को एक साल में 5 लाख तक का निशुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है।

# केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने पूर्व मंत्री डण्डोतिया के स्वास्थ्य की जानकारी



**मुरैना,कांस।** म.प्र.सरकार के पूर्व मंत्री श्री गिर्राज डण्डोतिया के सडक हादसे में गंभीर रूप से होने पर जिन्हें उचित उपचार के लिए अखिल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान (एम्स) नई दिल्ली में भर्ती कराया गया है।

जहाँ पूर्व मंत्री का उपचार चल रहा है। इस घटना की जानकारी मिलते ही केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अखिल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान दिल्ली में पहुँच कर उनसे मुलाकात कर स्वास्थ्य की जानकारी ली, तथा शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की।

## आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में नेशनल इंटर स्कूल प्रतियोगिता 'विजार्ड-2024-25' का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



ग्वालियर, नंस ।

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में नेशनल इंटर स्कूल प्रतियोगिता 'विजार्ड-2024-2025' का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। संस्थान के मधुलिमये सभागार में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अर्पित सिंह चैहान (डायरेक्टर, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल, आईटीएम यूनिविर्सिटी ग्वालियर) शामिल हुए। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर तृप्ति पाठक, गौरव जैसवानी, डॉ. नीतू सिंह चैहान साक्षी अग्रवाल, सुखवीर सिंह, अश्विनी शर्मा, दिव्यांशी चव्हाण, विश्वजीत सिंह सहित विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्ष, डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और ग्वालियर और संभाग से आए बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन सुदेशना नाग द्वारा किया गया। विजार्ड का उद्देश्य छात्र-छात्राओं की छिपी प्रतिभा का उभारना है: डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में नेशनल इंटर स्कूल प्रतियोगिता 'विजार्ड-2024-2025' का पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारंभ शांति मंत्र के साथ किया गया। इसके बाद डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक ने स्वागत भाषण देने के साथ ही विजार्ड-2024-2025 की संक्षिप्त रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर का विजार्ड जैसे आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं की छिपी प्रतिभा को उजागर कर और उनके कौशल विकास करना है।

## नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता चौधरी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हुए विकास कार्यों की मांगों को सम्बन्ध में पत्र सौंपा



**हाथरस,ब्यूरो।** नगर पालिका परिषद, की अध्यक्ष श्वेता चौधरी द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की । इस दौरान उन्होंने नगर के समग्र विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर मार्गदर्शन प्राप्त किया तथा निम्न विकास कार्यों की मांग को लेकर पत्र सौंपा ।. हाथरस नगर में 80 वर्ष पुरानी बिछी हुई सीवर लाइन के स्थान पर नगर पालिका क्षेत्र के बढे हुए क्षेत्रों के साथ नवीन सीवर लाइन बिछाने का कार्य . वर्तमान में हाथरस नगर पालिका के क्षेत्र में क्रमशः हाथरस-अलीगढ़ मार्ग, हाथरस-मथुरा मार्ग, हाथरस-आगरा मार्ग, हाथरस-कासगंज मार्ग पर स्थित अनेक ग्रामीण क्षेत्रों को सम्मलित किया जा चुका है। इन सभी विस्तारित मार्गों के प्रारम्भिक स्थलों पर प्रवेश द्वार निर्माण कराये जाने का कार्य,. हाथरस नगर में स्थित श्री दाऊजी महाराज मंदिर के प्रांगण क्षेत्र, मन्दिर की परिधि तथा मेला क्षेत्र का समग्र विकास कराये जाने का कार्य . हाथरस नगर पालिका क्षेत्र में वाहनों के खड़े होने के लिये तथा यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की दृष्टि से ट्रान्सपोर्ट नगर की स्थापना कराये जाने का कार्य,

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने नगर में नवीन सीवर लाइन, ट्रान्सपोर्ट नगर निर्माण एवं नगर की जीण क्षीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण और सड़कों के पुनः निर्माण हेतु मुख्य मंत्री जी से विशेष अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने जनहित में सभी मांगों पर गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये तथा इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करने को कहा ।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954